सुप्रभात
रांची, सोमवार
29.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी-षष्ठी, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 285

12 महादेव एप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार

## न्यूज डायरी

### एमपी के सीएम की आज चतरा में जनसभा

**रांची।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं एमपी के सीएम मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। रांची पहुंचकर श्री यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा के हंटरगंज के खूंटी केवाल मैदान में कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### तीसरे चरण में विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा : शाह

**मैनपुरी।** भाजपा नेता अमित शाह ने कहा कि तीसरे चरण में भी विपक्षी गठबंधन खाता भी नहीं खुलेगा। श्री शाह उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने आम जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है।

### दुमका सड़क हादसे में तीन की मौत

**दुमका।** रविवार को दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना में दुमका नगर से सटे रिंग रोड पर आंदीपुर के पास वाहन से कुचल कर दो लोगों की जान चली गयी। दूसरी घटना मसलिया में हुई, जहां एक ट्रेलर के धक्के से एक अधेड़ की मौत हो गयी। गुस्साये ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे तक रोड को जाम कर दिया। मृतकों में दुमका शहर के न्यू बांधपाड़ा मोहल्ला निवासी अखिलेश कुमार साह (45), पुलिस लाइन मजिस्ट्रेट कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र कुमार दास (35) और मसलिया के गोलपुर गांव निवासी आनंद भंडारी (55) हैं।

### यह चुनाव संविधान बचाने का : दीपांकर

**कोडरमा।** माले के राष्ट्रीय महासचिव डॉ दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का है। इंडिया गठबंधन को स्पष्ट और निर्णायक बहुमत मिलेगी। उन्होंने कहा कि दो चरण के बाद 400 पार का नारा बंद हो गया है। जनता को अब भाजपा डराने लगी है। सम्मेलन को मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावा कोडरमा लोकसभा के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने भी संबोधित किया।

### बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

**बोकारो।** सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि ये दोनों बोकारो के पेटरवार से आंख की जांच कराकर वापस रामगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान वे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। यह हादसा चरगी घाटी के निकट रविवार को करीब पूर्वाह्न साढ़े दस बजे हुई। बाइक सवार दो युवकों राहुल ठाकुर (22 वर्ष) और सुनील ठाकुर (18 वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।

## कल्पना पहुंचीं गिरिडीह, आज करेंगी नामांकन, सीएम भी रहेंगे साथ

# आपके आशीर्वाद से बदलेगी गांडेय की तस्वीर

खबर मन्त्र टीम

**रांची, गिरिडीह।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। रविवार को वह झामुमो प्रमुख सांसद और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद ले कर हेलीकॉप्टर ले गिरिडीह पहुंची। उत्सव उपवन में रात्रि विश्राम करेंगी और सोमवार को पर्चा दाखिल करेंगी। उनके नामांकन में सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन सहित इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद रहेंगे। सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुई गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को कोडरमा लोकसभा के साथ होना है।

#### नामांकन के बाद जनसभा

नामांकन के बाद परवाटांड़ फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन समेत गठबंधन के नेता संबोधित करेंगे। जनसभा में इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मंच साझा करेंगे। जनसभा में हजारों लोगों के जुटने की संभावना है।



### जनता की सेवा करती रहूंगी : कल्पना

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जायेगी। पार्टी अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी।

**कब करेंगी नामांकन :** गरिडीह जिला झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि 29 को कल्पना सोरेन नामांकन दाखिल करने को लेकर सड़क मार्ग से समाहरणालय के लिए निकलेंगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष 12.30 बजे से लेकर एक बजे के बीच नामांकन दाखिल करने का समय निर्धारित किया गया है। सीएम चंपाई सोरेन 29 को ही 11 बजे गिरिडीह हवाई अड्डा पहुंचेंगे। कल्पना सोरेन के साथ नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए समाहरणालय जायेंगे।

### गिरिडीह पहुंचने पर कल्पना का स्वागत

गांडेय उपचुनाव के लिए नामांकन करने रविवार को गिरिडीह पहुंची कल्पना मुर्मू सोरेन का हवाई अड्डे पर राज्य सभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। यहां से वह उत्सव उपवन गयीं।



### 30 को गांडेय का दौरा करेंगी कल्पना

पूर्व कार्यक्रम के तहत नामांकन से पहले सभी धार्मिक स्थलों पर कल्पना सोरेन के माथा टेकने का कार्यक्रम था, लेकिन उनके चाचा ससुर का निधन होने के कारण छुतका हो गया है। इस कारण माथा टेकने के लिए धार्मिक स्थलों में जाने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। 29 को कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र के गांडेय और बेंगाबाद में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद 30 अप्रैल को गांडेय विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगी।

# 3 को चाईबासा, 4 को पलामू में पीएम मोदी की जनसभा

- योगी, गडकरी व मोहन यादव की गढ़वा में जनसभा की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पीएम मोदी कोल्हान और पलामू की धरती से झारखंड में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। उनके दौरे को लेकर पार्टी नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। तीन मई को चाईबासा और 4 को पलामू व सिसई में पीएम मोदी की जुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। 3 मई को दोपहर 3 बजे कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में सभा करेंगे। वहीं 4 मई की सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में सभा करेंगे। 4 मई को ही दोपहर 12:30 बजे पीएम गुमला के सिसई में लोहरदगा सीट से प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में सभा करेंगे। पीएम के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। उनकी सुरक्षा से जुड़े पदाधिकारी शीघ्र झारखंड पहुंच सकते हैं। 2014 के बाद पीएम मोदी पलामू में चौथी बार सभा करेंगे। 2014, 2019 में दो बार उनकी सभा हो चुकी है। भाजपा ने पीएम की चुनावी जनसभा को लेकर जिला प्रशासन से अनुमति मांगी है। पार्टी के पलामू मीडिया प्रभारी शिवकुमार मिश्र ने बताया कि पीएम का दौरा चार मई को निर्धारित किया गया है।

#### योगी, गडकरी और मोहन यादव भी झारखंड आयेंगे

पलामू में चौथे चरण में लोकसभा का चुनाव होना है। मंगलवार से चुनावी प्रचार की शुरूआत होगी। पलामू लोकसभा सीट पर पार्टी स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार के लिए उतारने वाली है। योगी आदित्यनाथ, नितिन गडकरी और मोहन यादव गढ़वा में जनसभा करेंगे। एमपी के सीएम मोहन यादव गढ़वा के भावनाथपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इन स्टार प्रचारों की जनसभा की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी किशनपुर में जनसभा को संबोधित किया। पलामू से भाजपा के वीडी राम लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

# जुमलेवाजों ने सिर्फ आदिवासियों दलितों को दबाया : चंपई सोरेन

## लोगों का गुमराह करनेवाली भाजपा 150 सीट पर सिमटेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा, 400 का नारा फेल होगा और डेढ़ सौ सीटों पर भाजपा सिमट जायेगी। 10 साल में झारखंड के भाजपा सांसदों ने किसान मजदूर के लिए कोई काम नहीं किया। देश में भाजपा ने महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचा दिया और सिर्फ गांधी परिवार पर आरोप लगाया है। भाजपा ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को दबाया है और सिर्फ पूंजीपतियों के लिए केंद्र सरकार ने काम किया है। वहीं प्रधानमंत्री सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कही। वे रविवार को जमशेदपुर में पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। सीएम ने चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाया।

### महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त

झामुमो नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि मोदी सरकार जनता को सिर्फ गुमराह किया है। देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ही देश का बेहतर विकास कर सकता है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को उखाड़ फेंकना है। लोकसभा चुनाव में भी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लें। सीएम ने कहा कि आगामी 3 मई को समीर मोहंती नामांकन करेंगे। सभी कार्यकर्ता और नेता कड़ी मेहनत कर अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जेएमएम के एक बूथ का एक ही प्रभारी रहेगा, प्रत्येक बूथ में 25 महिला और 25 पुरुष की कमेटी बनायी जायेगी।

जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो ने समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रविवार को सिद्धगोड़ा टाउन हॉल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लोकसभा चुनाव 2024 में सभी दलों ने जीत हासिल करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। झामुमो जिला समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम चंपाई सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, संजीव सरदार, विधायक सह प्रत्याशी समीर मोहंती, रामदास सोरेन, ईचागढ़ विधायक सविता महतो और पार्टी के वरीय नेता शामिल थे। जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी और प. विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता भी भारी संख्या में मौजूद रहे।

### हजारीबाग में हादसा दो यात्रियों की मौत

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र में रांची पटना मार्ग एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। वहीं 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा एक कार चालक का टोटो सवारी गाड़ी को टक्कर मार देने से हुई। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक एक एक्सयूवी कार तेज गति से बरही से हजारीबाग की ओर जा रही थी। इस दौरान आगे आगे चल रही टोटो को अनियंत्रित कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। टोटो में सवार एक लड़की की मौत घटनास्थल पर ही गयी। एक अन्य युवक को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

### मणिपुर में 30 को होगा पुनर्मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था।

## भाजपा और बीजद मिल कर गरीबों को लूट रहे हैं : राहुल

# कांग्रेस का वादा है लूट का पैसा वापस दिलायेगी

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओड़िशा के सालेपुर में पीएम नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक की सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। राहुल ने कहा कि ओड़िशा सरकार ने खनन घोटाला और भूमि कब्जा योजना जैसे विभिन्न घोटालों के माध्यम से करोड़ों रुपये लूटे हैं। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लूटे गये पैसे को लोगों को वापस करने का वादा किया। श्री गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो गरीबों की एक सूची बनायी जायेगी। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये प्रति माह की दर से एक लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की जायेगी।

#### भाजपा-बीजद सिर्फ अपनों की सरकार

उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री पटनायक दोनों कुछ चुनिंदा लोगों के लिए क्रमशः केंद्र और ओड़िशा में सरकार चला रहे हैं। जहां श्री मोदी दिल्ली से करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं पटनायक सरकार ओडिशा के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा और बीजद आपस में साझेदारी कर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने ओडिशा के लोगों को पान (पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक के रूप में समझाते हुए) दिया। उन्होंने श्री पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओड़िशा में सरकार चला रहे हैं।



### शिक्षित युवाओं को पक्की नौकरी

श्री गांधी ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन को दोगुना करने के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और सरकारी कार्यालयों में एक लाख शिक्षित युवाओं को नौकरी देने के लिए पहली नौकरी पक्की योजना शुरू करने का वादा किया। उन्होंने मनरेगा के तहत श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाकर 400 रुपये करने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने का भी वादी किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी ने किसानों का कर्ज माफ करने और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का भी वादा किया है। श्री गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया।

### छठे चरण के चुनाव का आज नोटिफिकेशन

- जमशेदपुर, गिरिडीह, धनबाद और रांची में होंगे चुनाव

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। सात चरण में देशभर में चुनाव होंगे, जबकि झारखंड में चार चरणों में वोट डाले जायेंगे। झारखंड में चौथे चरण का नामांकन हो चुका है। 5वें का चल रहा है और छठे चरण के लिए सोमवार को नोटिफिकेशन होगा। इस चरण के लिए झारखंड की चार सीटों के लिए नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इनमें गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर शाामिल हैं। देश भर में पहले और दूसरे चरण की वोटिंग हो चुकी है। तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई, चौथे चरण की वोटिंग 13 मई, पांचवें चरण की वोटिंग 20 मई, छठे चरण की वोटिंग 25 मई, 7वें चरण की वोटिंग एक जून को होगी। वहीं, मतगणना 4 जून को होगी।

**6 मई तक नॉमिनेशनः** छठे चरण के लिए 6 मई तक नॉमिनेशन किये जायेंगे। वहीं सात को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 9 मई तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की उपेक्षा को ले विपक्ष पर भड़के पीएम, कहा

# कांग्रेस ने कभी आदिवासियों का भला नहीं किया

एजेंसी

**सिरसी (कर्नाटक)।** पीएम मोदी ने अयोध्या में भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के भव्य आयोजन के दौरान विपक्ष की स्पष्ट अनुपस्थिति के लिए रविवार को उसे आड़े हाथ लिया। वहीं राम जन्मभूमि मामले में ऐतिहासिक भागीदारी के बावजूद इस अवसर पर इकबाल अंसारी के परिवार की उपस्थिति पर प्रकाश डाला। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधा और अपने कार्यकाल में कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की हमेशा उपेक्षा की। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए कोई अलग मंत्रालय स्थापित नहीं किया। भाजपा सरकार ने न केवल जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्थापित किया बल्कि 10 वर्षों में बजट भी पांच गुना बढ़ा दिया। भाजपा सरकार के प्रयासों की बदौलत देश के आदिवासी समुदाय में अब नया आत्मविश्वास झलक रहा है। (शेष 11 पर)

### देश की प्रगति कांग्रेस को नहीं भाती

श्री मोदी ने रविवार कर्नाटक बेलगावी, उत्तर कन्नड़ और दावणगेरे की सभाएं कहा, कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। उन्होंने पहले कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाये फिर इवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने इवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।

## अपना वोट जरूर डालें : गावस्कर



**रांची।** एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जमशेदपुर पहुंचे पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने लोकसभा चुनाव को लेकर आम लोगों से अपना वोट देने की अपील की है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक मतदाता वोट करने के लिए जरूर जायें। जमशेदपुर दौरे के क्रम में रविवार को लिटिल मास्टर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गावस्कर ने आम लोगों को मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ जमशेदपुर ही नहीं वो पूरे भारत वर्ष के मतदाताओं से अपील करते हैं कि आप अपना मत का प्रयोग जरूर करें क्योंकि यह डेमोक्रेसी है और भारत का जो भविष्य है वह आपके हाथ में हैं। इसलिए मैं आपसे अपील के साथ-साथ प्रार्थना है कि आप लोकतंत्र के इस महापर्व में जरूर हिस्सा लें। इसके अलावा उन्होंने अपने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी भी मीडिया को दी। सुनील गावस्कर बिष्टुपुर में स्थित एक निजी अस्पताल के कार्यक्रम में शामिल होने शनिवार को जमशेदपुर पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर पूर्वी सिंहभूम डीसी अनन्य मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिला अधिकारियों ने एक क्रिकेट बैट पर सुनील गावस्कर ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूर्व भारतीय क्रिकेटर का हस्ताक्षर किया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |



### तीसरी आंख




# यूपी से झारखंड-बंगाल तक हीटवेव मचायेगा 'हाहाकार'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड बंगाल समेत कई राज्यों में इस वक्त भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने साफ कर दिया है कि देश के कई राज्यों में हीटवेव लोगों को परेशान करने वाला है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि झारखंड और ओड़िशा के कुछ हिस्सों में तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है। तटीय आंध्रप्रदेश, यनम, तेलंगाना, मराठवाड़ा, गंगायी पश्चिम बंगाल, दक्षिण बिहार के कुछ हिस्सों, पूर्वी उत्तर प्रदेश और विदर्भ 41-43 डिग्री तापमान रहने वाला है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में रातें गर्म और ऊमस भरी रहने वाली हैं। आइएमडी ने बताया है कि गंगायी पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर ओडिशा के कुछ हिस्सों में भीषण हीटवेव चलने वाली है। इसी तरह से उत्तर प्रदेश, बिहार, हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, गोवा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराइकल, केरल, रायलसीमा और आंतरिक कर्नाटक में भी हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। हिमाचल प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज और तेज हवाओं के साथ तूफान आ सकता है। स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 2 दिनों के दौरान पश्चिमी हिमालय के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है।



### झारखंड में ऑरेंज अलर्ट, 6 जिलों में बारिश संभव

मौसम विभाग ने 11 जिलों के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। झारखंड में पिछले 24 घंटे में सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला में लू चल रही है। सबसे अधिक तापमान 45 डिग्री सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री गोड्डा में दर्ज किया गया। रविवार को रांची के अलावा धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा है। 2 मई तक लू को ले कर येलो अलर्ट जारी किया गया है। शरीर की तरलता बनाये रखने के लिए लगातार पानी, ओआरएस घोल और नारियल पानी पीने की सलाह दी गयी है।

# कोल्हान और संताल के 11 जिलों में सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूरा झारखंड गर्मी की मार झेल रहा है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। उत्तर-पश्चिमी और पछुआ गर्म हवाओं के प्रभाव से राज्य में चल रही लू की स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

मौसम विभाग ने राज्य के कोल्हान और संथाल के 11 जिलों के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सोमवार को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामतारा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में सीवियर हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के पश्चिमी भाग गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं राज्य में अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 डिग्री से. तक वृद्धि होने की संभावना है।

### गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना



### झारखंड के विभिन्न शहरों का तापमान

| शहर | उच्चतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 38.7 | 26.5 |
| जमशेदपुर | 42.0 | 26.2 |
| डाल्टेनगंज | 41.8, | 25.9 |
| बोकारो | 40.7 | 25.9 |
| चाईबासा | 42.8 | 25.6 |
| देवघर | 42.6 | 30.4 |
| गिरिडीह | 40.9 | 28.3 |
| सरायकेला | 42.3, | 25.4 |

**सरायकेला में 45 डिग्री तक पहुंचा तापमान :** झारखंड में पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। वहीं सरायकेला-खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला में कहीं-कहीं लू भी चली। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44 .8 डिग्री से. सरायकेला में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 .4 डिग्री से. गोड्डा में दर्ज किया गया। रांची, धनबाद, हजारीबाग, गुमला, लातेहार और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम रहा।

## 2 मई तक चलेगा लू, येलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान के अनुसार 2 मई तक झारखंड में लू चलने की संभावना है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 30 अप्रैल को राज्य के रांची, रामगढ़, खूंटी, पलामू तथा गढ़वा जिलों में लू चलने की संभावना है। वहीं 1 और 2 मई को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, देवघर, जामतारा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में लू की स्थिति बन रही है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इस मौसम में सावधानी बरतने को कहा है। लू से प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों को लगातार पानी, ओआरएस घोल और नारियल पानी पीने की सलाह दी गई है।

### सीइओ ने गिरिडीह समाहरणालय में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

# लोस चुनाव की तैयारियों में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें : के. रवि कुमार

### मतदान केंद्रों की कमियों को अविलंब करें दुरुस्त



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे कल गिरिडीह के समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निर्देश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले वोटर इनफार्मेशन स्लिप को घर-घर जाकर वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सहित अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रखे जाने का भी पदाधिकारियों को निदेश दिया। उन्होंने बताया कि झारखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अर्थात दिनभर मतदान होना है। इस संबंध में सभी मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाना सुनिश्चित करें।

**शहरी क्षेत्र के कम मतदान वाले केन्द्रों का किया निरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने गिरिडीह के वैसे शहरी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा था। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र की कमियों को शीघ्र दूर करने की कड़ी चेतावनी दी।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, गिरिडीह प्रक्षेत्र के आईजी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक दुबे, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते सहित निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी थे।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गिरिडीह लोकसभा और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा और गाण्डेय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया। उन्होंने केन्द्र पर मतदान के दिन आकर मतदान करने में अक्षम मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली और घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने मतदान केन्द्र पर शौचालय, रैंप आदि न्यूनतम सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान गिरीडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते, निवार्ची पदाधिकारी 31 गांडेय गुलाम समदानी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी थे।



## संसद भवन का द्वार लांघने को मैदान में खड़े हैं 31 उम्मीदवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन ने राज्य की सभी 14 लोस सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। संसद भवन का द्वार लांघने के लिए चुनाव के मैदान में 31 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। लोहरदगा से चमरा लिंडा निर्दलीय तो राजमहल सीट से झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम ने ताल ठोंकी है। गिरिडीह में जेएलकेएम के जयराम महतो और धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पहली बार मैदान में खड़ी हैं। रांची से संजय सेठ के बीच कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय खड़ी हैं। चतरा से कालीचरण सिंह को भाजपा ने मौका दिया है। चुनाव में सात महिला उम्मीदवार हैं।

### कौन- कौन से प्रत्याशी, कहां से हैं मैदान में

**रांची लोकसभा सीट**
यशस्विनी सहाय- कांग्रेस
संजय सेठ- भाजपा

**लोहरदगा लोकसभा सीट**
सुखदेव भगत- कांग्रेस
समीर उरांव- भाजपा
चमरा लिंडा -निर्दलीय

**चतरा लोकसभा सीट**
केएन त्रिपाठी- कांग्रेस
कालीचरण सिंह भाजपा

**पलामू लोकसभा सीट**
ममता भुईयां- राजद
वीडी राम- भाजपा

**खूंटी लोकसभा सीट**
कालीचरण मुंडा- कांग्रेस
अर्जुन मुंडा भाजपा

**सिंहभूम लोकसभा सीट**
जोबा मांझी- झामुमो
गीता कोड़ा- भाजपा

**जमशेदपुर लोकसभा सीट**
समीर मोहंती- झामुमो
विद्युतवरण महतो- भाजपा

**राजमहल लोकसभा सीट**
विजय हांसदा-झामुमो
ताला मरांडी-भाजपा
लोबिन हेंब्रम-निर्दलीय

**दुमका लोकसभा सीट**
नलिन सोरेन- झामुमो
सीता सोरेन-भाजपा

**गोड्डा लोकसभा सीट**
प्रदीप यादव- कांग्रेस
निशिकांत दुबे-भाजपा

**गिरिडीह लोकसभा सीट**
मथुरा प्रसाद महतो- झामुमो
चंद्र प्रकाश चौधरी-आजसू
जयराम महतो- जेएलकेएम

**कोडरमा लोकसभा सीट**
विनोद सिंह-सीपीआई माले
अन्नपूर्णा देवी-भाजपा

**धनबाद लोकसभा सीट**
अनुपमा सिंह-कांग्रेस
ढुल्लू महतो-भाजपा

**हजारीबाग लोकसभा सीट**
जेपी पटेल-कांग्रेस
मनीष जायसवाल-भाजपा

------------------------

**खबर एक नजर में**

### नशा का कारोबार करनेवाले 1462 अभियुक्तों का लिया जायेगा फिंगर प्रिंट

**रांची।** नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री के खिलाफ झारखंड सीआईडी के निर्देश पर लगातार अभियान जारी है। नशा कारोबार पर रोक लगाने के लिए नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री के आरोप में गिरफ्तार 1462 अभियुक्तों का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। इसे लेकर झारखंड सीआईडी द्वारा सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी और जिले के एसएसपी, एसपी को निर्देश दिया गया है। क्रिमिनल प्रोसीजर आइडेंटिफिकेशन एक्ट 2022 की धारा 3 के प्रावधान के आलोक में एनडीपीएस कांडों के अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त का फिंगर प्रिंट लिया जाएगा।

### अबुआ आवास योजना के दूसरी किस्त में मिलेगी 50-50 हजार रुपये



**रांची।** अबुआ आवास योजना के लाभुक को दूसरी किस्त में 50-50 हजार रुपये की राशि मिलने वाली है। यह राशि उन्हें लिंटल कार्य से आगे घर बनाने के लिए दी जायेगी। वैसे लाभुक जिन्होंने पहली किस्त की मिली 30-30 हजार रुपये खर्च कर दिए हैं और जियो टैगिंग कराकर आवास निर्माण कार्य का फोटो अपलोड किया है उन्हें दूसरी किस्त की राशि देने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीण विकास विभाग जल्द ही इन्हें राशि आवंटित करेगा। अधिकारियों के अनुसार लगभग 30 हजार लाभुक को आवास निर्माण का आगे के कार्य के लिए दूसरी किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।

बताते चलें कि अबुआ आवास योजना से करीब 1.90 लाख लाभुकों को आवास बनाने की स्वीकृति दी गयी है। लेकिन इनमें 30 हजार लाभुकों की योग्यता की जांच चल रही है, इसलिए इन्हें पहली किस्त की राशि नहीं दी गयी थी। ऐसे में शेष 1.60 लाख लाभुकों को पहली किस्त की राशि दी गयी थी, इनमें करीब 30 हजार लाभुकों ने काम शुरू कराके जियो टैगिंग करा दिया है। ऐसे में इन्हें दूसरी किस्त की राशि दी जायेगी। शेष 1.30 लाख लाभुकों का जैसे ही पहले चरण का काम पूरा होगा दूसरी किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।

### राज्य में बरामद होने लगीं जाली नोट, एटीएस की टीम ने बरामद की मशीनें

**जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से है, छापेमारी की भनक लगते ही हुआ फरार**

**रांची।** झारखंड में फेक करेंसी का प्रचलन बढ़ रहा है। झारखंड एटीएस की टीम ने फेक करेंसी के मामले को लेकर गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चपुआडीह पंचायत के मुंडहरी गांव निवासी मो जफरुल अंसारी के घर से नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की है। हालांकि टीम के पहुंचने के पूर्व ही जफरुल घर से भागने में सफल रहा।

बताया गया कि झारखंड एटीएस को सूचना मिली थी कि गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडहरी गांव से नकली नोट का धंधा चल रहा है। इस सूचना पर एटीएस की टीम देर रात गिरिडीह पहुंची और गिरिडीह पुलिस कप्तान दीपक शर्मा से बात की। एटीएस की टीम ने गिरिडीह पुलिस के सहयोग से जफरुल अंसारी के घर में छापेमारी की। छापेमारी में जफरुल के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गयी। हालांकि, छापेमारी की भनक लगते ही जफरुल फरार हो गया। एटीएस और जिला पुलिस की टीम उसकी तलाश करने में जुटी हुई है। छापेमारी के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था में संदिग्ध सामानों को भी जब्त कर टीम रांची ले आई है। बताया जा रहा है कि जफरुल का संबंध पश्चिम बंगाल से है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल में उसके साथी है। यहीं से यह नोट डबल करने के कारोबार से जुड़ा और लोगों को झांसे देकर नोट डबल करने लगा।

## खेलगांव में झामुमो, कांग्रेस के इशारे पर बना अनाधिकृत हैलीपैड : आदित्य

**भाजपा बोली**
**उपायुक्त और एसडीओ की भूमिका संदिग्ध**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के रास सांसद आदित्य साहू ने खेलगांव में अनाधिकृत तौर पर हैलीपैड बनाए जाने की शिकायत करते हुए चुनाव आयोग से इसकी जांच की मांग की है। मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। परंतु राज्य में सत्तारूढ कांग्रेस, झामुमो और राजद की सरकार इसे भूल गयी है। वे कानून से परे ऐसा कुछ करते रहे हैं, जो सोचा नहीं जा सकता। आदित्य ने कहा कि समय के अभाव में राजनीतिक दल चुनाव के समय हेलिकॉप्टर का उपयोग करते हैं। झारखंड में भी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसका उपयोग हो रहा है। सुरक्षा और दूसरे कारणों से रांची एयरपोर्ट से ही हेलिकॉप्टर से उड़ान भरा जाता रहा है और वापस यहीं हेलिकॉप्टर आता है। परंतु झामुमो, कांग्रेस की सरकार ने खेलगांव में ही हैलीपैड बना लिया है। यहां से सत्तारूढ दल के लोग बगैर रोकटोक इधर से उधर आना जाना कर रहे हैं, जो हर लिहाज से गलत है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

**आयोग करे जांच**

आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो जैसी पार्टियां भ्रष्टाचार की जननी हैं। खेलगांव में अवैध तरीके से हैलीपैड बनाकर वे किस मंशा से क्या क्या कर रहे हैं, यह जांच का विषय है। भाजपा ने जांच के लिए राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा केंद्रीय चुनाव आयोग के पास भी बात रखी है। सांसद ने इस मामले में रांची डीसी और एसडीओ की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार के इशारे पर उन्होंने गलत जगह पर हैलीपैड निर्माण की सहमति दी है। कहा कि सरकारें आती जाती रहती हैं पर अफसरों को भ्रष्टाचार में शामिल नहीं होना चाहिए। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसमें अफसरों को ऐसा करने पर खामियाजा भुगतना पड़ा है।

### पीएम मोदी के होने वाले झारखंड दौरे पर झामुमो ने कसा तंज, कहा

## वन अधिकार में बदलाव कर कॉरपोरेट को जगह देने की तैयारी कर रही बीजेपी

**सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा**
**प्रधानमंत्री मोदी के हेट स्पीच मामले में चुनाव आयोग खामोश क्यों**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हेट स्पीच के मामले में कार्रवाई करने में चुनाव आयोग इतना खामोश क्यों है। झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी का दौरा होने को है। प्रधानमंत्री के होने वाले दौरे पर झामुमो ने जम कर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड आने की जानकारी मिली है अच्छी बात है, लेकिन प्रधानमंत्री को आदिवासी सरना कोर्ड सहित आदिवासी अस्मिता के मुद्दा पर उन्हें बताना चाहिये कि उनका इन मुद्दों पर स्टैंड क्या है।

सुप्रियो ने कहा कि सरना धर्म कोड पर उन्हें अपनी बात रखनी चाहिये। प्रधानमंत्री मोदी हिन्दू मुस्लिम की खूब बात कह रहे हैं जिसे जनता सब समझ रही है। उन्होनें कहा कि देश के राष्ट्रपति को खड़ा रखकर खुद बैठ जाना क्या ये आदिवासी अस्मिता का सवाल नहीं है। सारंडा में जो वन अधिकार वहां के आदिवासियों का है, उनको क्यों बदला है और कॉरपोरेट को जगह देने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा है की मुझे लगता है झारखंड के खनिज पर उनकी नजर है। सारंडा में अडाणी को लाने के लिए सारी तैयारी की जा रही है। कोल एक्ट के साथ छेड़छाड़ क्यों किया जा रहा है। जबकि ऐसा होने पर पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा। उस क्षेत्र को असंतुलित करने के लिए ये साजिश की जा रही है ताकि बाहरी व्यक्ति को इंट्री किया जा सके। ग्राम सभा को समाप्त कर आदिवासियों के अधिकार को हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम को बताना होगा 10 सालों में एचइसी क्यों बर्बाद हुआ है।

### एक बार फिर अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर, तमाड़ और खरसांवा की जनता ने दिलायी थी जीत

# खूंटी में अर्जुन का दौड़ेगा विजय रथ या काली की आंधी में थमेगा!

**कुबेर सिंह**

**रांची।** वर्ष 2024 में खूंटी लोकसभा सीट हॉट सीट बनकर उभरी है। 14 लोकसभा सीट में जहां-जहां हॉट सीट है और बीजेपी समेत इंडी गठबंधन में चुनावी टक्कर है, उनमें से खूंटी को हॉट सीट माना जा रहा है। राजनीतिक विशेलषकों का मानना है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए लोकसभा चुनाव उनके राजनीतिक जीवन-मरण से जुड़ गया है। वे झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

भाजपा ने दूसरी बार अर्जुन मुंडा को खूंटी का उम्मीदवार बनाकर भरोसा जताया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा को कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण से कड़ी टक्कर मिली थी। अर्जुन मुंडा महज 1,445 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से उनका मुकाबला है। वर्तमान में कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा झारखंड में तीन बार मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। ऐसे में अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा पर एक दांव लग चुका है।

### दयामनी के कांग्रेस में होने से काली को लाभ

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस में दयामनी बरला के शामिल होने के बाद तोरपा, खूंटी, कोलेबिरा से कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी होगी। वहीं झारखंड पार्टी (एनोस) के उम्मीदवार ईसाई मतों का कितना विभाजन करा पाते हैं, इस पर भी अर्जुन मुंडा की हार-जीत टिकी हुई है।

### कालीचरण को नीलकंठ के समर्थकों का साथ

राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, खूंटी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थकों का साथ मिल रहा है। ये वे समर्थक हैं, जो नीलकंठ के काफी करीबी बताये जाते हैं, मगर ये लोग भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं। इनका समर्थन मिलना कालीचरण के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।



### कालीचरण को चार विस क्षेत्रों में मिली थी बढ़त

कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को तोरपा विस में करीब 23 हजार, खूंटी में 22 हजार, सिमडेगा में पांच हजार और कोलेबिरा में 25 हजार मतों से बढ़त मिली थी। इस तरह से इन चार विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 75 हजार वोट से कालीचरण मुंडा आगे थे, लेकिन अर्जुन मुंडा ने खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जो 76,500 मतों की बढ़त बनायी, यही बढ़त डेढ़ हजार वोटों से उनकी जीत में निर्णायक साबित हुई थी।

### तमाड़ और खरसांवा ने अर्जुन को दिलायी थी जीत

2019 को लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा में पिछड़ने के बाद खरसावां और तमाड़ ने उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। तमाड़ विधानसभा में जहां अर्जुन मुंडा 42 हजार से अधिक मतों के अंतर से बढ़त बनायी, वहीं खरसावां में भी उन्होंने करीब 34 हजार मतों से बढ़त ली।

### कई मायनों में अलग है 2024 का चुनाव

तमाड़ जैसे इलाके में कुड़मी/कुर्मी को आदिवासी में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अर्जन मुंडा को कुर्मी वोटरों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। दूसरी ओर खूंटी इलाके के मतदाता मुंडा के कामकाज का भी आकलन कर रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरी थी। राहुल गांधी खूंटी आकर स्थानीय जनसंगठनों के प्रतिनिधियों से मिले थे। राहुल ने पत्थलगड़ी, लैंड बैंक जैसे मामले में राज्य सरकार को पत्र लिखकर इन्हें हल करने की बात कही थी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को लेकर लोस क्षेत्र के चार विधानसभा खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा विधानसभा में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रियता से काम कर रहे हैं।

# प्रेमी के साथ पति की कर दी हत्या, फिर थाने में गायब होने का दिया आवेदन

## हत्या के आरोप में पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10 बजे सपही नदी के शमशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गयी थी। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या के बाद आवेदन ओरमांझी पुलिस को दिया था। आवेदन के आधार पर जब पुलिस ने छानबीन की तो पाया कि पत्नी ने ही अपने प्रेमी और प्रेमी के बहनोई के साथ पति की हत्या कर दी और शव को शमशान घाट ले जाकर फेंक दिया था।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि ओरमांझी थाना में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है। सूचना पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की। तलाशी के क्रम में उक्त महिला के पति का शव शमशान घाट के पास बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया तो पता चला कि पत्नी ही अपने पति की हत्या में शामिल थी। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही हथौड़े और टांगी के वार से पति की हत्या की थी। महिला ने ही अपने प्रेमी और प्रेमी के बहनोई के के साथ मिलकर पति के शव को ले जाकर नदी में फेंक दिया था। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और टांगी समेत अन्य सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# बाबूलाल ने रांची विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को थड़पकना में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और अजय मारू ने संयुक्त रूप से रांची विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची लोकसभा सहित राज्य के सभी14 लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। पीएम मोदी के विकास की गारंटी पर देश की जनता को भरोसा है। वहीं सांसद संजय सेठ ने कहा कि हमलोग चुनाव से डरने वाले नहीं है। हमलोग ऐसे छात्र हैं जो एग्जाम से डरते नहीं हैं। क्योंकि हमलोग साल भर पढ़ते हैं। हमलोग पांच सालों तक जनता के बीच में रहते हैं।

मौके पर डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा अबकी बार रांची लोकसभा चुनाव में पांच लाख पार से भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। यह जनता भी समझ रही है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि वहां पर परिवारवाद है। कार्यकर्ताओं को सिर्फ झंडा टांगने के लिए यूज किया जाता है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के आगे कोई नहीं टिक पायेगा। कार्यक्रम में संजय मारू, जितेंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, संजय जायसवाल सहित कई भाजपा के नेता मौजूद थे।

# मयंक सिंह के राजस्थान वाले में घर में एटीएस की दबिश, इश्तेहार किया चस्पा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के शातिर शूटर मयंक सिंह के राजस्थान स्थित घर में एटीएस की टीम ने धावा बोला। एटीएस की टीम राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के मंडी थाना क्षेत्र स्थित घड़साना गांव पहुंची। वहां पहुंचने पर पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से मयंक सिंह के घर जाकर डुगडुगी बजायी, इसके बाद इश्तेहार चस्पा किया। एटीएस ने जांच में यह दावा किया है कि मयंक सिंह का असली नाम सुनील कुमार मीणा है। वह मलेशिया में रहकर झारखंड के कारोबारियों को डरा-धमका कर अवैध उगाही करता है।



**स्थानीय पुलिस के सहयोग से मयंक सिंह के घर पर पहुंची एटीएस की टीम :** झारखंड एटीएस की टीम ने मयंक सिंह के बारे में डिटेल जानकारी जुटाई। इसके बाद राजस्थान के अनूपगढ़ पहुंची। यहां स्थानीय पुलिस की मदद से मयंक सिंह के घर तक पहुंची। इस दौरान एटीएस ने मयंक सिंह के द्वारा जुटायी गयी चल-अचल संपत्तियों के बारे में भी पता किया। एटीएस को जानकारी मिली है कि मयंक उर्फ सुनील मीणा मलेशिया में रह कर साहू गैंग के लिए काम कर रहा है। सुनील मीणा कई वर्षों से मलेशिया में ही रह रहा है। मीणा टेक्निकल रूप से एक दक्ष अपराधी है, इसी का फायदा उठा कर वह अमन साहू के कहने पर कारोबारियों से इंटरनेशनल कॉल के जरिये रंगदारी मांगता है।

# कार्मिक कोषांग के कार्यों का हुआ ड्रिल नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कार्मिक कोषांग के कार्यों का रविवार को मॉक ड्रील करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की क्रमवार समीक्षा की। इस दौरान राजेश्वर नाथ आलोक, उत्कर्ष कुमार, राम नारायण सिंह, विवेक सुमन एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

राहुल कुमार सिन्हा ने सम्बंधित सभी अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली। उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारी को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान समाहरणालय परिसर में भीड़ न लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें।

**समाहरणालय भवन में यह है तैयारी :** समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 में निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या- 312 से अभ्यर्थी नामांकन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा।

# अर्जुन मुंडा ने खूंटी के मुरहू में किया ग्रामीणों से संवाद, मांगा समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी जी ने जो काम किया,वह सब के सामने है। चाहे महिला हों, चाहे युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसे सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो।

श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम- जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। उन्होंने कहा कि आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। वहीं जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है।

## खबर एक नजर में

### हरमू के फल मंडी में लगी आग

**रांची।** राज्य में हिट वेव और भयंकर गर्मी के बीच बाजार और दुकानों में आग लगने का सिलसिला चल पड़ा है। एक ओर जहां रात पौने नौ बजे के करीब हरमू फल मंडी मार्केट में एक फल दुकानदार मो शोएब की दुकान में आग लग गयी। इससे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दस्ता और पुलिस पहुंची। वहीं, दूसरी ओर चर्च रोड के फतेहउल्लाह रोड स्थित एक हार्डवेयर दुकान में आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया।

### कैंप में वंचितों को मिली नि:शुल्क चिकित्सा



**रांची।** चारिटेबल चार्म एनजीओ की ओर से रविवार को मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के सामने एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य गरीब और लाभहीन लोगों को मुफ्त मेडिकल सेवाओं का लाभ पहुंचाना था। चारिटेबल चार्म की चेयरपर्सन डॉ ख्याति मुंजाल ने स्वास्थ्य कैंप को नियमित रूप से लगाने की बात कही। रुपम झा ने कहा कि यह चारिटेबल चार्म द्वारा शुरू किया गया कार्य बहुत ही प्रेरणादायक है।

### प्राकृतिक संसाधनों पर सदानों का भी सम्मान अधिकार, सरकार नजर अंदाज न करे : राजेन्द्र

**रांची।** हाल के दिनों में पेसा कानून को लेकर जो मसौदा ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इस पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कड़ी आपत्ति जताई है। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के द्वारा लाए गए जनजातियों हितों के लिए बनाए जाने वाले कानून का मूलवासी सदान मोर्चा विरोधी नहीं है, लेकिन भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों का हनन होने पर मूलवासी सदान मोर्चा प्रबल विरोध करेगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 65 प्रतिशत मूलवासी सदान जो हजारों वर्षों से झारखण्ड में निवास करते आ रहे हैं, उनकी सदा से हर पार्टी, हर सरकार उपेक्षा करते रही है। उन्होंने सरकार से मूलवासी सदान नीति बनाने की मांग की है।

### दिव्यांगों की सेवा मानव धर्म : सुबोधकांत

**रांची।** दिव्यांगजनों का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय से एचईसी आवासीय परिसर स्थित उनके आवास पर मिला। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने कहा कि दिव्यांग जनों और पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि आप सब अपने प्रत्याशी की मदद कीजिए। इस अवसर पर सुश्री यशस्विनी ने कहा कि जिस तरह आप पहले भी मेरे पापा को समर्थन देते रहे हैं, उसी तरह मेरी भी मदद करें।

# बिहार की वास्तविक छवि को प्रस्तुत करने का काम करेगी पुस्तक *ब्रोकन प्रॉमिसेस* : हरिवंश

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और पद्मश्री अशोक भगत ने रविवार को आड्रे हाउस में मृत्युंजय शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन किया। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि यह किताब नीति निर्धारकों और समाज के शिक्षित वर्ग के बीच बिहार की वास्तविक छवि को प्रस्तुत करने का काम करेगी। किताब के पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए उन्होंने जे. पी. आंदोलन से लेकर रांची में अपनी पत्रकारिता के दिनों को याद करते हुए तत्कालीन बिहार की विधि व्यवस्था, राजनीति, शिक्षा, नक्सलवाद और जातीय समीकरण पर प्रकाश डाला।

बाबूलाल मरांडी ने 90 के दशक के बिहार और झारखंड विभाजन के समय के हालातों पर चर्चा की। उन्होंने अविभाजित बिहार के दौर में झारखंड क्षेत्र के साथ हो रहे भेदभाव और झारखंड निर्माण के बाद मुख्यमंत्री के रूप में चुनौतियों का वर्णन किया। पद्मश्री अशोक भगत ने कहा बिहार के संदर्भ में लिखी गई पुस्तक एक बेह्तरीन डायरी है। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बात करते हुए बताया कि 90 के दशक में बिहार में कार्य करना वर्तमान परिप्रेक्ष्य की तुलना में ज्यादा कठिन था। मौके पर लेखक मृत्युंजय शर्मा ने ने बताया कि यह किताब 5 वर्षों तक की गई गहन अध्ययन और रिसर्च का परिणाम है।

कार्यक्रम में विधायक सी. पी. सिंह, कांके के पूर्व विधायक डॉ. जीतू चरण राम, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन शांडिल्य, आईएचएम राँची के डायरेक्टर भूपेश, वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पीएम मोदी के परिवार हैं 140 करोड़ भारतीय : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कानू झारखंड संघ कानू समाज की ओर से रविवार को आयोजित बैठक में रांची सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ शामिल हुए। यहां समाज के लोगों के साथ उन्होंने देश और इसके विकास के लिए किए गए कानू समाज के बलिदान और कार्यों की उन्होंने सराहना की। मौके पर संजय सेठ ने कहा आज हमारे प्रधानमंत्री पिछले दस वर्षों में देश का सार्वांगिण विकास किया है। चारों ओर लोग इसको महसूस कर सकते हैं। मोदी जी ने देश की 140 करोड़ परिवारजनों का विकास जाति, धर्म , पंथ सामाजिक स्थिति के बंधन से बहार निकलकर किया।

मोदी जी का मानना है कि देश में सिर्फ 4 जातिया हैं, महिला, युवा, किसान और गरीब। सभी लोग इसी के अंदर आते हैं और हमारा प्रयास है कि इस सभी का पूरा विकास किया जाये। आज प्रभु राम के मंदिर को देखकर सभी भारतवासियों को कितना आनंद आता है। इसको शब्दो में नहीं बताया जा सकता और देश की प्रगति में जब भी हम वैश्य समाज कानू समाज को देखते हैं तो इन्होंने हर जगह न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि राष्ट्र निर्माण में सदैव आगे रहते है और भाजपा भी हमेशा इनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी थीं खड़ी है।

## भाजपा को भगवान राम के साथ मोदी की गारंटी पर भरोसा तो कांग्रेस न्याय पत्र के सहारे लेना चाहती है सत्ता

# रांची लोकसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच होती है कड़ी टक्कर

सुधीर

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची संयुक्त बिहार के समय से ही राजनीति का मुख्य केंद्र रही है। देश के पहले लोकसभा चुनाव के समय रांची संसदीय क्षेत्र आज जैसा नहीं था। उस समय रांची तीन लोकसभा क्षेत्रों में बंटा हुआ था। रांची नॉर्थ इस्ट, रांची वेस्ट और पलामू-हजारीबाग-रांची लोकसभा सीट। तब से लेकर अब तक रांची लोकसभा सीट पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सबसे ज्यादा दबदबा रहा है। लेकिन पिछले कुछ चुनावों में बीजेपी ने कांग्रेस के इस दबदबे को कम कर दिया है और बीजेपी इस सीट को अपने नाम कर रही है।

**1952 का लोकसभा चुनाव :** इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रांची नॉर्थ इस्ट सीट जीती। कांग्रेस पार्टी के अब्दुल इब्राहिम 32.6 फीसदी वोटों के साथ जीते, जबकि सोशलिस्ट पार्टी को 24.01 फीसदी वोट, छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी को 18 फीसदी वोट और मार्क्सवादी ग्रुप के फॉरवर्ड ब्लॉक को 11.6 फीसदी वोट मिले थे। 1952 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी ने रांची वेस्ट सीट जीती थी, जिसे जयपाल सिंह ने जीता था, जबकि 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तीसरी लोकसभा सीट रांची, पलामू हजारीबाग रांची लोकसभा सीट जीती थी, जिसे जेठन सिंह खेरवार ने जीता था। उन्हें कुल 20.7 फीसदी वोट मिले थे, जबकि झारखंड पार्टी को 15.9 और छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी को 11.02 फीसदी वोट मिले थे।

**1957 का लोकसभा चुनाव :** इस चुनाव में एक लोकसभा क्षेत्र रांची से अलग कर दिया गया। अब रांची में दो लोकसभा क्षेत्र थे, रांची इस्ट और रांची वेस्ट। 1957 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार एमआर मसानी ने रांची इस्ट से 34.6 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मोहम्मद इब्राहिम अंसारी को 32.6 प्रतिशत वोट मिले थे। झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह एक बार फिर रांची वेस्ट सीट से जीते और उन्हें 60.3 फीसदी वोट मिले। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 25.2 फीसदी वोट प्राप्त हुआ था।

**1962 में रांची दो लोकसभा क्षेत्र :** इस बार भी रांची में दो लोकसभा क्षेत्र हुआ करते थे। इधर, रांची वेस्ट से झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह जीते, जबकि स्वतंत्र पार्टी के जोसेफ तिग्गा दूसरे स्थान पर रहे। जयपाल सिंह को 48.9 फीसदी वोट मिले, जबकि स्वतंत्र पार्टी के जोसेफ तिग्गा को 24.8 फीसदी वोट मिले, वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार को 19.3 फीसदी वोट मिले थे। 1962 में प्रशांत कुमार घोष 30.4 फीसदी वोट पाकर रांची ईस्ट से जीते, जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के इब्राहिम अंसारी को 26.9 फीसदी और झारखंड पार्टी के अर्जुन अग्रवाल को 20.7 फीसदी वोट मिले। ये दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**1991 में पहली बार जीती भाजपा :** 1991 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार रांची सीट जीती। इस बार भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी को 47.6 फीसदी वोट मिले थे और विजयी रहे, जबकि 1989 में इस सीट से जीते सुबोधकांत सहाय को जनता दल ने टिकट नहीं दिया। सुबोध कांत सहाय ने झारखंड पार्टी से चुनाव लड़ा और चौथे स्थान पर रहे। जनता दल ने अवधेश कुमार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था, जिन्हें 22 फीसदी वोट मिले थे।

**1967 में रांची अलग लोकसभा क्षेत्र :** 1967 में रांची एक अलग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बन गया और 1962 में रांची इस्ट सीट के विजेता प्रशांत कुमार घोष को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पार्टी में शामिल कर लिया। 1967 के लोकसभा चुनाव में प्रशांत कुमार घोष को 18.3 प्रतिशत वोट मिले, जबकि भारतीय जनसंघ को 16 प्रतिशत वोट मिले। इस तरह प्रशांत कुमार घोष ने फिर बाजी मार ली।

**1971 में जीती कांग्रेस :** 1971 के लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने रांची से जीत हासिल की और एक बार फिर प्रशांत कुमार घोष इस सीट से जीते। इस बार प्रशांत कुमार घोष को 41.9 फीसदी वोट मिले। भारतीय जनसंघ के रुद्र प्रताप सारंगी को जहां 33.30 प्रतिशत वोट मिले, वहीं अन्य राजनीतिक दल वोट प्रतिशत को दहाई अंक में भी नहीं ले जा सके।

**1977 में जीती सीट हारी कांग्रेस :** 1977 में कांग्रेस ने शिव प्रसाद साहू को रांची लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। कांग्रेस ने दो बार के विजेता प्रशांत कुमार घोष की जगह शिव प्रसाद साहू को मैदान में उतारा था और कांग्रेस यह सीट हार गयी। 1977 में भारतीय लोकदल ने रांची लोकसभा सीट से जीत हासिल की। भारतीय लोक दल के रवींद्र वर्मा 45.4 फीसदी वोट के साथ विजयी हुए, जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के शिव प्रसाद साहू को 24.7 फीसदी वोट मिले थे।

**1980 में कांग्रेस ने लगाया जीत का हैट्रिक :** 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर रांची लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया और शिवप्रसाद साहू ने इस सीट से जीत हासिल की। इस बार शिव प्रसाद साहू को 37.7 फीसदी वोट मिले, जबकि जनता पार्टी के शिवकुमार सिंह को 24.2 फीसदी वोट मिले।

*कभी रांची तीन लोकसभा क्षेत्रों में बंटी हुई थी। रांची नॉर्थ इस्ट, रांची वेस्ट और पलामू- हजारीबाग- रांची*

**1984 में चौथी बार जीती कांग्रेस :** 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर इस सीट पर जीत हासिल की। शिव प्रसाद साहू यहां से दोबारा लोकसभा चुनाव जीते। इस बार उन्हें कुल 47.2 फीसदी वोट मिले. जबकि भारतीय जनता पार्टी के राम टहल चौधरी को 16 फीसदी वोट मिले। जनता पार्टी के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को 15.1 फीसदी वोट मिले थे।

**1989 में कांग्रेस को मिली हार :** 1989 के लोकसभा चुनाव में यह सीट एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के हाथ से निकल गई और इस बार इस सीट पर जनता दल के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय ने जीत हासिल की, उन्हें 34.3 फीसदी वोट मिले, जबकि भारतीय जनता पार्टी के राम टहल चौधरी को 31.2 फीसदी। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव प्रसाद साहू को 26.7 फीसदी वोट मिले।

**1996 में भाजपा ने फिर किया रांची पर कब्जा :** 1996 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर रांची सीट पर कब्जा कर लिया। इस बार भी भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी विजयी रहे, जिन्हें 35.02 फीसदी वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार बदल दिया था और केशव महतो कमलेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 28.8 प्रतिशत वोट मिले, जबकि जनता दल को 25.9 प्रतिशत वोट मिले।

**1998 में भाजपा के रामटहल चौधरी फिर जीते :** 1998 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी एक बार फिर रांची सीट से जीते। उन्हें कुल 57.2 फीसदी वोट मिले, जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के केशव महतो कमलेश को 36.6 फीसदी वोट मिले थे।

**1999 में चौथी बार जीती बीजेपी :** 1999 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर रांची सीट पर कब्जा कर लिया। रामटहल चौधरी एक बार फिर रांची सीट से जीते और इस बार उन्हें 65 फीसदी वोट मिले। वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बदलते हुए इस सीट से केके तिवारी को मैदान में उतारा था, लेकिन केके तिवारी को कुल 23.7 फीसदी वोट मिले थे।

**बंटवारे के बाद भाजपा को मिली हार :** 2004 के लोकसभा चुनाव में झारखंड राज्य बनने के बाद रांची सीट पर पहला लोकसभा चुनाव हुआ और इस बार लगातार चार बार रांची से सांसद रहे रामटहल चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सुबोधकांत सहाय को अपना उम्मीदवार बनाया और सुबोध कांत सहाय 40.8 फीसदी वोट पाकर विजयी रहे। भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी को 38.6 फीसदी वोट मिले, जबकि निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले बंधु तिर्की को 7.5 फीसदी वोट मिले।

**2024 की तैयारी :** 2024 की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों के लिए रांची बेहद अहम है। बार फिर भाजपा संजय सेठ पर भरोसा जताया है। हालांकि, झारखंड की सत्ता पर काबिज झामुमो अब तक रांची सीट पर कब्जा नहीं कर पाई है। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी को चुनाव में उतारा है। अब देखने वाली बात होती है कि 2024 में रांची की जनता किसे चुनती है।

**2009 में कांग्रेस से सुबोधकांत सहाय जीते :** 2009 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय ने रांची लोकसभा सीट से जीत हासिल की। 2009 के लोकसभा चुनाव में सुबोध कांत सहाय को 42.9 फीसदी वोट मिले, जबकि भारतीय जनता पार्टी के रामटहल चौधरी को 41 फीसदी वोट मिले।

**2014 में दिखा मोदी लहर का असर :** 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से रांची लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया और इस बार रामटहल चौधरी को 42.7 फीसदी वोट मिले, जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को 23.8 फीसदी वोट मिले थे। रांची से चुनाव लड़ने वाले आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को 13.6 फीसदी वोट, झारखंड विकास मोर्चा के अमिताभ चौधरी को 6.5 फीसदी वोट जबकि बंधु तिर्की ने ऑल इंडिया त्रिमुल कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा था, जिन्हें कुल 4.4 फीसदी वोट मिले थे।

**2019 में भी दिखा मोदी मैजिक :** 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी का मैजिक फिर दिखा। हालांकि इस बार भारतीय जनता पार्टी ने रांची से रामटहल चौधरी को टिकट नहीं दिया, जिन्होंने पांच बार रांची की लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने रांची लोकसभा सीट से संजय सेठ को मैदान में उतारा। इससे नाराज होकर रामटहल चौधरी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। हालांकि, मोदी के विकास की गति पर सवार होकर भारतीय जनता पार्टी ने फिर से रांची सीट पर कब्जा कर लिया और यहां से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय सेठ को कुल 57.30 वोट मिले, जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को 34.3 फीसदी वोट मिले।


# आसमान में छाये रहेंगे उड़नखटोले, झामुमो और भाजपा ने करोड़ों रुपये में बुक किया हेलिकॉप्टर

### रांची एयरपोर्ट, खेलगांव में मौजूद हैं उड़नखटोले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से रैली और सभाएं की जा रही हैं। चुनाव प्रचार में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। हर राजनीतिक पार्टी के नेता कम समय में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचकर प्रचार करना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें हेलिकॉप्टर की आवश्यकता होती है। कम समय में एक जगह से दूसरे जगह पहुंच कर प्रचार करने के लिए राजनीतिक पार्टियों के नेता उड़न खटोला पर सवार होकर प्रचार-प्रसार करना पसंद करते हैं। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने हेलिकॉप्टर की बुकिंग भी शुरू कर दी है।

### राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए की है हेलिकॉप्टर की बुकिंग



झारखंड में भी भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम जैसी बड़ी पार्टियां की ओर से हेलिकॉप्टर की बुकिंग की गई है। रांची एयरपोर्ट पर राजनीतिक दलों की ओर से हेलीकॉप्टर मंगवाए गए हैं। झारखंड भाजपा की तरफ से पीएचवी हेलीकॉप्टर की बुकिंग की गई है तो वहीं जेएमएम के तरफ से डीवीजी कंपनी की हेलीकॉप्टर की बुकिंग की गई है।

### जेएमएम और भाजपा की ओर से बुक कराए गए हेलिकॉप्टर

एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जेएमएम की तरफ से डीवीजी कंपनी के हेलिकॉप्टर की 45 दिनों के लिए बुकिंग की गई है, जबकि जेएमएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दो हेलिकॉप्टर की बुकिंग की गई है। जिसमें एक सिंगल इंजन हेलिकॉप्टर है और दूसरा डबल इंजन हेलिकॉप्टर शामिल है। वहीं अन्य राजनीतिक पार्टियां भी हेलिकॉप्टर बुकिंग करने में जुटी है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से दो हेलिकॉप्टर की बुकिंग की गई है। जिस पर भाजपा के नेता सवार होकर राज्य के विभिन्न जिलों में जाकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

### प्रतिदिन 40 से 50 लाख रुपए का हेलीकॉप्टर का भुगतान

चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करने वाले राजनीतिक पार्टियों को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। एयरपोर्ट पर हेलिकॉप्टर की बुकिंग करने वाली संस्था झंकार एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालक शिव राज के मुताबिक, एक हेलिकॉप्टर का एक दिन का भाड़ा करीब 16 लाख से 17 लाख है। जिसमें राजनीतिक पार्टियों के नेता चार घंटे तक सफर कर चुनाव प्रचार कर सकते हैं। इस आंकड़े को देखा जाए तो वर्तमान में प्रतिदिन 40 से 50 लाख रुपए झारखंड की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां हेलिकॉप्टर के लिए भुगतान कर रही हैं।

### नेतरहाट में झारखण्ड चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

## संथाल परगना में उद्योगों के लिए भूमि की कमी से हो रही समस्या पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को नेतरहाट में हुई। इस बैठक में रांची से 30 सदस्यों के अलावा गुमला, बंशीधर नगरउंटारी, गढ़वा, रामगढ़, गोड्डा जिले के चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुए। संथाल परगना क्षेत्र में उद्योगों के लिए भूमि की कमी से हो रही समस्या तथा साहेबगंज में खासमहल की समस्या पर बैठक में वार्ता हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से अपने प्रमंडलों में नियमित रूप से गतिविधियों का आयोजन करने की बात कही। साथ ही सदस्यता संख्या में वृद्धि के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। रांची से बाहर के जिलों में चैंबर के कार्यसमिति की बैठक के आयोजन को उपयुक्त बताते हुए पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी ने कहा कि चैंबर को ऐसे प्रयास निरंतर करते रहने चाहिए। इससे व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित महेश्वरी, अमित साहू, प्रीतम गाडिया, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, सुनिल केडिया, प्रवीण लोहिया, नवीन गाडोदिया, संजय अखौरी, विमल फोगला, सुनिल सरावगी, साहित्य पवन, डॉ. अभिषेक रामाधीन, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, उप समिति चेयरमेन शशांक भारद्वाज, अनिश बुधिया, विकास झाझरिया, मनोज मिश्रा, संतोष अग्रवाल मौजूद थे।

### अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने दी चेतावनी

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कार्यालय में रविवार को सत्यनारायण लकड़ा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। कहा गया कि कुछ लोग अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के नाम का गलत उपयोग कर रहे हैं, जिनके विरोध में संगठन वैसे लोग पर कड़ी कानूनी कारवाई करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में परिषद की अगली बैठक आगामी 5 मई को होगी। जादो उरांव ने कहा कि इस संगठन का गठन स्वर्गीय कार्तिक उरांव द्वारा किया गया था जिसका उद्देश्य आदिवासी समाज के कल्याणार्थ दूरदर्शी सोच, आदिवासी एकता को संगठित करने एवं आदिवासी संस्कृति के संरक्षण करने हेतु किया गया था और उनके मार्गदर्शन में परिषद लगातार आदिवासी समाज के कल्याण हेतु एवं समाज के ज्वलंत मुद्दों पर कार्य करते रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से सत्यनारायण लकड़ा, बाना मुंडा, विमल कच्छप, अजय लिंडा, घाना मुंडा, करमा तिग्गा, दीपक जयसवाल आदि लोग मौजूद थे।

## आठवां महान गुरमत समागम के अंतिम दिन सजा भव्य दीवान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में आयोजित आठवां महान गुरमत समागम के अंतिम दिन रविवार को भव्य विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत सुबह 10:30 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा शबद गायन से हुई। तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह के द्वारा शबद गायन किया गया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह ने कथवाचन करते हुए साध संगत को बताया कि गुरु गोबिंद सिंह ने मुगलों के अत्याचार से पीड़ित हिंदुओं की रक्षा के लिए अपने परिवार की बलिदानी दी इसलिए उन्हें सरबंश दानी कहा जाता है।

**कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया**

मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर में तीन महिला समेत कुल 50 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर के संचालन में गुरुनानक ब्लड बैंक के डॉ त्रिलोचन सिंह, खालिद, अनिल, राजन, प्रभा तथा जत्था के सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, पीयूष मिढ़ा, करण अरोड़ा, जयंत मुंजाल, कशिश नागपाल, विनीत खत्री, जीत सिंह, अमन सचदेवा, इनिश काठपाल, संदीप पपनेजा, हर्षित बजाज, रौनित मुंजाल, यश घई की विशेष सक्रियता रही।

### 30 को मारवाड़ी समाज राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा को करेगा सम्मानित



**रांची।** संपूर्ण मारवाड़ी समाज द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड में 30 अप्रैल को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मारवाड़ी समाज के सभी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारवाड़ी समाज द्वारा एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसमें ललित पोद्दार, विनोद जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, शिव शंकर साबू, डॉ वी.के. जैन, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, नरेंद्र गंगवाल आदि हैं।

### बैंकिंग,एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन संस्थान है एनआइबीएम




**रांची।** बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, झारखंड एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एनआइबीएम एक बेहतरीन संस्थान है। पिछले 26 वर्षों से सर्कुलर रोड स्थित एनआईबीएम में लेटेस्ट पैटर्न पर तथा 2023 तक का अपडेटेड स्टडी मैटेरियल एवं पुस्तक, फ्री लाइब्रेरी- रीडिंग रूम, क्लास का प्रिंटेड सॉल्यूशन तथा वीडियो सपोर्ट के साथ युवा तैयारी कर अपनी सफलता का परचम पूरे देश में लहरा रहें है। संस्थान के निदेशक मनोज गुप्ता ने बताया कि देश के कई हिस्सों से युवा एनआईबीएम आकर तैयारी कर रहे हैं और अपना भविष्य गढ़ रहें है। चयनित छात्रों को सम्मानित भी किया जाता है। छात्रों को जो भी डाउट होता है, उसे फैकल्टी तुरंत क्लियर करते हैं, निदेशक खुद क्लास लेते हैं। नया बैच 3 तथा 5 मई से हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में प्रारंभ हो रहा है। इच्छुक विद्यार्थी कार्यालय, वेबसाइट, यूट्यूब पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### अल्लाह एक है, कुरान भी एक है और हम टुकड़ों में बंटे हैं : तहजीबुल

**रांची।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि ऐ लोगों अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़ो अत्याचारी चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, वह सफल नहीं हो सकता। जो अत्याचारी का साथ देता है, वह अत्याचारी है। देखो आज कौन जालिम है। फि लिस्तीन के उत्पीड़ितों के साथ कौन खड़ा है? ईरान अकेला उसके साथ खड़ा है। मुसलमानों को एकता बनाने की जरूरत है। हम मुसलमानों का अल्लाह एक है, कुरान एक है, धर्म एक है, लेकिन हम संप्रदाय और मजहब में बंटे हुए हैं। जिन लोगों की न तो एक किताब है, न ही एक ईश्वर, न ही एक धर्म, वे आज एक हैं। होना तो यह चाहिए कि लोग हमारा नाम नही किरदार चरित्र से जानते। लोग कहते उसका चरित्र बता रहा कि वो मुसलमान है। मजलिस का आयोजन समाजवादी शिक्षक संघ के अध्यक्ष सैयद शारूख हसन रिजवी के आवास पर हुई। मौके पर अमीर गोपालपुरी ने नौहा खानी की। सैयद शारख हसन रिजवी ने आये हुए सभी लोगों का स्वागत किया।

### निर्मला कान्वेंट में बाल संसद का गठन ऋषिता पीएम व शिखा बनी शिक्षा मंत्री



**बाल संसद से छात्र-छात्राओं में नेतृत्व कला का होता है विकास : विजय कुमार शर्मा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा प्राचार्य विजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में अपने पद व गोपनीयता और अपने कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। इन्हें विद्यालय की शिक्षिका अनामिका छेत्री तथा किरण कुमारी ने शपथ दिलायी। बताते चलें कि ऋषिता शर्मा को प्रधानमंत्री, सुहानी सिंह को उप प्रधानमंत्री, प्रिंस कुमार तथा स्मृति टोप्पो को खेल मंत्री, अदिति कुमारी तथा शिखा कुमारी को शिक्षा मंत्री, सुजल कुमार को वित्त मंत्री,पुष्पा कुमारी को अनुशासन मंत्री, अनन्या कुमारी को सूचना मंत्री, श्वेता सिंह तथा ज्योति कुमारी को संस्कृति मंत्री, नमन पटेल को सिंचाई, रोशन मेहता को पर्यटन मंत्री,सोनम कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री तथा सुधा सिंह को स्वच्छता मंत्री का पदभार दिया गया।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि अपने पद और गरिमा के सम्मान को बनाए रखें तथा विद्यालय में आपके काम के अनुसार आपको विद्यालय की तरफ से प्रोत्साहित भी किया जाएगा। मौके पर शिक्षक-शिक्षिका किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, निशा कुमारी, सुधा राणा, गीता शर्मा, मोनी बाला शर्मा, पंकज कुमार, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### अग्रवाल युवा सभा की हुई पहली आम सभा, नयी टीम ने ली शपथ

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में रविवार को अग्रवाल युवा सभा की आम सभा की बैठक हुई। बैठक में पूर्व के दिनों में किए गए सभी कार्यक्रम की संयोजक एवं विशिष्ट सहयोगियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 के लिए नई मनोनीत कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में सौरव बजाज, सचिव रौनक झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका, उपाध्यक्ष कुणाल जालान, रोहित सरावगी, विशाल पाड़िया, सह-सचिव विवेक टिबड़ेवाल, हर्ष जालान, प्रवक्ता सन्नी टिबड़ेवाल ने शपथ ली। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अनीश सरावगी, अमित बजाज, अरुण पोद्दार, आलोक बजाज, आशुतोष खेतान, गौरव मुरारका, तरुण सर्राफ, निखिल जालान, नीरज अग्रवाल, मुदित धरणीधरका, मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल, यश सुरेखा, विकास गोयल, विवेक लोहिया, विशाल महलका, स्पर्श चौधरी, सुमित महलका, शैंकी रायका, सौरव सरावगी, श्रेय जालान, निशान अग्रवाल ने शपथ ली।

## शब्दकार की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में कवियों ने कविताओं से भरे मीठे सुर, गुनगुना लूं कुछ ऐसी गजल लिख रही हूं...

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शब्दकार ने रविवार को ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इनमें 30 से ज्यादा कवि एवं कवयित्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ संगीता कुजारा टॉक ने किया। पी स्मिता ने सरस्वती वंदना और कविता-गुनगुना लूं कुछ ऐसी गजल लिख रही हूं... मैं नगमों में खुद को खुद ही लिख रही हूं। सुनाकर सबको मोह लिया। फिर अर्पणा सिंह ने अपनी रचना सुनाई - देखो आज ये धरा कैसी आग उगल रही है। झुलस रही है खुद भी हमें भी झुलसा रही है! रश्मि सिंह ने सुनाया-ये धरा पुकारती, है ये गगन पुकारता। बख्श दो अब हमें करो न यूं नष्ट हमें है चमन पुकारता। रंजना वर्मा उन्मुक्त ने लोकतंत्र के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को अपना कर्तव्य निभाने को प्रेरित करते हुए अपनी इस रचना को कहा-आया वक्त चुनाव का, करना है मतदान। पर्व राष्ट्रीय यह बड़ा, इसका हो सम्मान।। कवियत्री नंदा पांडेय मृत्यु से साक्षात्कार करते हुए यह कहा-इत्मीनान से एक मुलाकात मौत से करना चाहती हूं....। कंचन सिंह ने कहा जीवन के इस पतझड़ में, कई पत्ते साख से टूटे, कई अपने मुझसे रूठे। पीछा करते सपनों का कई अपने पीछे छूटे। राजीव थेपड़ा ने सस्वर अपना गीत सुनाया- सुख के पल को यह मन तरसे/ दर्द मिले हैं झोली भर के/ नैनन से जल छल-छल बरसे। खोना सिर्फ खोना नहीं है, वह है सन्नाटों में डूबना, बिखरना। सत्या शर्मा कीर्ति ने यह गुनगुनाया-इन दिनों / जैसे मैं कुछ अलग ही/लगने लगी हूं /जैसे तिक्त निम्बोली/में भरी हो कोई मिठास/जैसे धीमी आंच पर/ सिंकती सोंधी-सोंधी सांझ। रीता गुप्ता ने अपनी एक लघुकथा-तमाशबीन का प्रभावी पाठ कर सबको अभिभूत कर दिया।

वीना श्रीवास्तव ने सुनाया-हम पक्ष के हों या विपक्षी/चप्ते बप्ते हैं एक ही थैली/सोने का पंख हमें ही मिलना है। सुषमा झा ने कहा-आलिंगन किए उषा का, अरूणिम आदित्य है विहंस रहा, चल, सतरंगी प्रेम चुराते हैं इससे, नीलाभ क्षितिज पर हम, प्रेमाकृतियां बनाते हैं। रश्मि शर्मा ने आज की दुनिया की हकीकत को बयां करते हुए सुनाया -प्रेम निष्कासित माना जाएगा.., संगीता कुजारा टॉक ने बड़ी ही प्रभावी रचना मैंने ईश्वर पर भरोसा किया... का पाठ किया। कविता रानी सिंह ने अपनी ये पंक्तियां सुनाई - परदा खिडकी पर वो लगाती रह गई। मनोज कुमार झा मनु ने सस्वर पाठ किया-भोर हुई है, सूरज बिहंसा, तम बेचारा लगता है, नील गगन में उड़ता पंछी, कितना प्यारा लगता है! रेनू बाला धर ने मतदान के महत्व को इंगित करते हुए कहा-इक मत की कीमत पहचान, सोच समझ कर कर मतदान। कल्याणी झा कनक ने तप कर ही सोना गढ़ता है,करती कंचन चाह। यदि मंजिल पानी हो तुमको,चुन लो दुर्गम राह।। अनिता सिद्धि ने माहौल को रुमानी करते हुए कहा-तुम्हें कैसे बताएं हम, तुम्हें हम याद करते हैं। पुष्पा पाण्डेय ने- वफादार है पुस्तक साथी, सदा निभाती साथ। अभिभावक भी बन जाती है, चलती पकड़े हाथ।। प्रसिद्ध शायर नेहाल सैरयावी ने हमेशा की तरह माहौल को रंगीन कर डाला उनकी उल्फत से कुछ गिला तो नहीं, है वो मजबूर, बेवफा तो नहीं। जयमाला ने भी अपनी बेहद अच्छी रचना का पाठ किया। प्रतिभा मिश्र -जय हनुमान केशरीलाला है मतवाला, अंजनि नंदन कष्ट निदाना। इसके अलावा ढेरों अन्य कवियों श्रोता और दर्शक इस गोष्ठी में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संगीता कुजारा टॉक ने किया।

### खबर एक नजर में

### मेसरा गांव में मां रक्षा काली पूजा 7 मई को



**रांची।** बीआइटी मेसरा गांव में हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से होगी पूजा। इसकी तैयारी जोरशोर शुरू कर दी गयी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवान शेखर ने बताया कि सात मई को मां रक्षा काली पूजा होगी। पूजा रात 12 बजे शुरू होगी, अगले दिन मूर्ति विसर्जन होगा।

### श्री श्याम मण्डल ने की समीक्षा बैठक



**रांची।** श्री श्याम मण्डल के द्वारा संपन्न हुए तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव के उपलक्ष में रविवार को मन्दिर के सभागार में समीक्षा सभा आयोजित की गई। मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा मण्डल के कोषाध्यक्ष ने श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। मण्डल के सदस्यों ने मण्डल की भावी प्रगति के लिए अपने सुझाव रखे, तथा मण्डल के मंत्री धीरज बंका ने मंडल द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का विवरण सभा को बताया। धन्यवाद ज्ञापन मण्डल के उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने दिया। सभा में गोपी किशन ढांढनीयां, रमेश धरणीधरका, राज कुमार जालान, गौरव पसुरामपुरिया, अरुण धनुका, राजेश सारस्वत, अजय साबू, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, ज्ञान प्रकाश बागला, अमित जालान व अन्य उपस्थित थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की ओर से पुंदाग स्थित निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में रविवार को नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा का आयोजन हुआ। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,पुर्णमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल,ओम प्रकाश सरावगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### डीएवी हेहल साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के विद्यार्थी-शिक्षकों ने आर्य समाज मंदिर में रविवार को आयोजित साप्ताहिक सत्संग में भाग लिया। विद्यार्थियों-शिक्षकों ने प्रात:7:30 बजे आर्य समाज की यज्ञशाला में आचार्य विमलेंद्र शास्त्री के ब्रम्हणतत्व में वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ कुण्ड में आहुतियाँ प्रदान करते हुए सभी के सुख-समृद्धि एवं निरोगी काया के लिए कामना की। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश आर्य, एस एल गुप्ता, राजेन्द्र आर्य, अजय आर्य, संजय पोद्दार, ए के अमरेश, एनके दुबे, डीपी चाँद, पीएस दास, एसके महापात्रा, वीएन रॉय, जितेंद्र कुमार, इंद्रजीत दत्ता, सुभाष मिश्रा, एके मिश्रा, कुमारी सूर्या, एनके पाठक एवं विद्यालय के कक्षा छठी से लेकर कक्षा नवीं तक के चुने हुए 45 विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डोरंडा ओल्ड जवेरियंस ने लगाया ब्लड कैंप



रांची। संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा के पूर्ववर्ती छात्रों का संघठन,डोरंडा ओल्ड जवेरियंस (डॉक्स)ने रविवार को स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में पचास यूनिट रक्त जमा किया गया। डॉक्स के अध्यक्ष, जसमीत सिंह कलसी ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। रक्तदान करने वालों में डॉक्टर नितेश प्रिया, आशीष बुधिया, उत्सव पाराशर ,जयेश सिन्हा, राहुल भाटिया, आलोक मिनोचा , सुयश खेमका, रोहन भाटिया, अतुल गेरा , डॉ रितेश रंजन, सुम्मी मधुकर, रजनीश सिन्हा, डॉ राशि श्याम, रजत श्याम, ऋषि रंजन, अभिजीत सिन्हा, तीर्थंकर बोस, अरबाज रहमान, मनीष शर्मा, अभिषेक नरसरिया, विशाल पाटोदिया, टैन प्रिंस कोहली, गौरव महेश्वरी एवं अन्य डॉक्स सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संयोजक मनप्रीत सिंह,आनंद और तीर्थकर बोस थे। यह जानकारी डॉक्स के सचिव जयेश सिन्हा ने दी।

### महिला बधिर समाज ने मनाया महिला दिवस

**रांची।** रांची जिला बधिर संघ और महिला बधिर समाज के द्वारा रविवार को राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान (एचईसी परिसर, सेक्टर 2) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रकार की मनोरंजक व ज्ञानवर्धक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मौके पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागी नीलम देवी को ब्लाइंड फोल्ड में प्रथम,बॉल एंड बासकेट प्रतियोगिता में अंजू देवी को प्रथम पुरस्कार, बबलो गेम में नीलम देवी को प्रथम पुरस्कार व मेहंदी प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी को उत्कृष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट किए। इस अवसर पर संरक्षक गोपाल कृष्ण झा, उप चेयरमैन सनत कुमार बोस, मनोज कुमार वाघेला,अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महासचिव ज्योत्सना एम बघेला, राहुल राम, बी ठाकुर, लाडली परवीन, नेहा निधि, नजमा खातून, श्रुति कुमारी, मोहम्मद यूसुफ, प्रीति शर्मा, राकेश कुमार, संगीता टोप्पो, सुंदरलाल महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीयूजे में विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर व्याख्यान आयोजित

**रांची।** विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के शिक्षा विभाग ने एक विशेष व्याखान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में चर्चा की शुरूआत करते हुए विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रोफेसर तपन कुमार बसंतिया ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस 2024 एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे हम समझ सकते हैं कि बौद्धिक संपदा कैसे नवाचारिक और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और एक साझा भविष्य के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा विभाग के ही अन्य प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों के जीवन में बौद्धिक संपदा की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस व्याखान में सभी छात्रों को अपनी भूमिका को समझने और बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को समझने का अवसर मिला। इस चर्चा में शिक्षा विभाग के अन्य संकाय सदस्य यथा डॉ. शशि सिंह, डॉ मानवी यादव, डॉ विजय कुमार यादव, डॉ नीरा गौतम, डॉ मनोहर कुमार दास, श्रीमती एंजेल नाग, डॉ. शिल्पी राज, डॉ रामकृष्ण रेड्डी तथा श्री सुमंता हलदर ने भी उक्त विषय पर बहुमूल्य विचार व्यक्त किये, साथ ही शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी इस चर्चा में सक्रिय सहभागिता की।

स्पीड न्यूज

## किरण नर्सिंग होम में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन



**इटकी।** इटकी मौसीबाड़ी स्थित किरण नर्सिंग होम में रविवार को पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत रूप से फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड लग जाना इटकी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सारी सुविधाओं से सुसज्जित इस नर्सिंग होम में इटकी क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्व नजीर अंसारी ने जिस उद्देश्य के साथ नर्सिंग होम का स्थापना किया था और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इटकी के लिए जो सपना संजोया था वह अब साकार हो रहा है। मौके पर डॉ दिव्या किरण एक्का, कांति पन्ना, प्रोफेसर मजहर इमाम, हाजी मुश्ताक अहमद, बिनोद सिन्हा, अंजुम जमाल, मुर्शिद आलम, नेहाल अंसारी, अबरार इमाम, अतीक अहमद, पिंकू, जुबैर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मांडर : सड़क हादसे में मुड़मा ईदगाह मस्जिद के नाईभ इमाम की मौत

**मांडर।** रांची-मेदनीनगर मुख्य पथ पर स्थित सड़क दुर्घटना में मुड़मा ईदगाह मस्जिद के नाईभ इमाम सौकत अंसारी की मौत हो गई। घटना रविवार अहले सुबह की है। बताया जाता है सौकत अंसारी ईदगाह मस्जिद में मोआज्जिन थे। वह फज्र की अजान देने जा रहे थे। मस्जिद की गेट में घुसने ही वाले थे कि मांडर की ओर से जानेवाले ट्रेक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। इलाज के लिए मंडार स्थित अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मांडर थाना में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अपराधी की खोज कर रही है। जनाजे और मिट्टी में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दु:ख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौलाना रफीक साहब, समाजसेवी शमीम अख्तर आजाद, हाजी शाकिर इस्लाही, समीम अख्तर, आबिद अंसारी, फिरोज अंसारी अमानत अंसारी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## सेलारी लदा ट्रक पेड़ से भिड़ा, चालक घायल



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के चेड़ीथान बलथरवा के पास ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराईएचालक गंभीर रूप से घायलएपेड़ से टकराने के बाद सेलारी लोड ट्रक का अगला हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। जानकरी के अनुसार ट्रक जेएच 13एफ 9940 एनटीपीसी टंडवा से सेलारी लेकर ओरमांझी जा रहा था। इसी क्रम में बिजुपाड़ा खलारी मुख्यपथ के बलथरवा चेड़ीथान के पास अनियंत्रित होकर सेलारी लोड ट्रक पेड़ से टकरा गया। लोड ट्रक पेड़ से टकराने के बाद ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही ट्रक चालक घायल बताया जा रहा है। घटना लगभग सुबह के 5 बजे का बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद ट्रक का मालिक घटना स्थल पहुँचकर घायल चालक को अपने साथ इलाज कराने ले गया।

# डिजिटल शिक्षा संपूर्ण विश्व में प्रभाव डालने वाली एक कुंजी



सेमिनार में बोलते डॉ मनोज कुमार।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, निदेशक और सचिव।

- उदय बीएड कॉलेज में अंतरर्राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रौद्योगिकी शिक्षा को अपनाने में विशेषता व विप्रित प्रभाव दोनों की जानकारी जरूरी है। आज पर्यावणविद भी प्रकृति संरक्षण के प्रति चिंति हैं। पेड़ पौधों की कटाई से जंगली हाथियों बस्ती में प्रवेश कर रहे हैं। हाथियों का हमला भी बढ़ा है। डिजिटलाईजेशन से पेपरलेस वर्क होगी तो पेड़ों को कटाई नहीं होगी और पर्यावरण भी संरक्षित होगा। उक्त बातें रिसोर्स पर्सन एसोसिएट कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार ने कही, वे रविवार को उदय मेमोरियल बीएड कालेज केदल में डिजिटल महोत्व पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में बोल रहे थे। उन्होंने पीपीटी व विडियो क्लिप के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकायियां दी और कहा टेक्नोलॉजी का प्रयोग कितना करना है यह जानना भी जरूरी है। आज हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से संपूर्ण दुनिया का सैर करते हैं। थोड़ी चूक से पाकेट व बैंक खाली हो जाते हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन आयोजित सेमिनार में फिनलैंड, नेपाल व भारत के विभिन्न राज्य के विश्वविद्यालय के प्रोफसरों द्वारा वर्तमान समय में डिजिटला के महत्व बताया गया। पारूल विश्वविद्यालय वडोदरा के डॉ शुकान्त कुमार ने कहा डिजिटल प्रौद्योगिकी से सिखने व योजना बनाने के साथ प्रशासकिय प्रबंधन आदि में काफी मदद मिलती है। कई प्रकार के एप हैं जिसे जानना व उचित प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा एमीईटी विश्वविद्यालय यूपी के प्रो डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डेप्ट ऑफ एजुकेशन सीयू तेजपुर डॉ ससपरा चक्रवर्ती सहित कई ने लोगों न पीपीटी माध्यम से डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ी विभिन्न बातों को विस्तार समझाते हुए डिजिटल को काफी महत्वपूर्ण बताया। सेमिनार में पहुंचे अतिथियों का स्वागत प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा झारखंड की पारंपरिक सांस्कृति नृत्य कर किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। संचालन स्वाति अजना टाप्पो ने किया। बाद में कॉलेज के सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कुमार कंडरवार, प्राचार्य डॉ चंदन कुमार पंकज द्वारा सेमिनार में शामिल लोगों को प्रस्सती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विकसित राष्ट्र के लिए डिजिटल जरूरी

डब्लूबीयूटीटीईपीए, पश्चिम बंगाल पूर्व कुलपति डॉ मिता बैनर्जी कहा शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा प्रभाव डालती है। विकसित राष्ट्र के लिए डिजिटल अपनाना जरूरी है। हेलसिंकी विष्वविद्यालय फिनलैंड के डॉ हैनली नईमी व डॉ मोहमद अख्तर ने डिजिटल शिक्षा को सम्पूर्ण विश्व में प्रभाव डालने वाला एक कुंजी बताया, कहा भारत में आईसीटी पाठ्यक्रम में डिजिटल शिक्षा में नवाचार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

उपप्राचार्य दयामनी कुमारी, जनसूचना पदाधिकारी मुकेश कुमार कंडरवार, कार्यालय प्रशासक रूपेश कंडरवार, डीएलएड विभागाध्यक्ष सुनिता किस्पोट्टा, संदीप कुमार महतो, जन्मजय महतो, निर्मला कुमारी, राखी कुमारी, सलमा मनोज कुमार राणा, नित्यानन्द कोईरी व अरूण कुमार पाहन, रंजु कुमारी, शालिनी कुमारी, मेघा महली, डीएलएड के बंगाल उड़ीसा, झारखड के विभिन्न कॉलेज के व्याख्यातागण व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जामुन दोहर पैच का ग्रामीणों ने किया विरोध

**रविवार को ग्रामीणों के साथ मंथन के बाद भी मामला शांत नहीं**

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल के एनके एरिया में मात्र एक विश्व बैंक संपोषित केडीएच परियोजना बड़ी अड़चनों के बाद शनिवार के दिन को पूरे ग्रामीण रैयत विस्थापित के साथ श्रीगणेश कर जामुन दोहर का पैच शरू किया गया था। लेकिन दिन में सीसीएल पूरे तामझाम उपकरण के साथ कार्य शुरूआत किया गया। उसके बाद रात्रि को ग्रामीणों ने विरोध करना चालू कर दिया। जिसको लेकर रविवार को पुनः जामुन दोहर में एक बैठक किया गया। बैठक में विस्थापित ग्रामीणों व महिलाओं ने मुआवजा व विस्थापन नीति के तरह जमीन का मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों के मांग को लेकर सीसीएल एनके एरिया जीएम सुजीत कुमारएखलारी इंस्पेक्टर बिजय सिंहएयूनियन नेता सुनील सिंहएखलारी अंचल से हल्का कर्मचारी असित सहदेवए विस्थापित नेता बिनय खलखो उदय सिंह सहित बड़ी संख्या में दोनो तरफ के पक्ष विपक्ष के लोग शामिल हुए। समझौता में ग्रामीणों ने कहा कि पहले बसाइये तब उठाइये उसके साथ मुआवजा भी तय कीजिये। तब जाकर डोजर पोकलेन मशीन चलाइये। सीसीएल के तरफ से दो दिनों के अंदर विस्थापित ग्रामीणों को मुआवजा व बसाने की जगह तय कर के ग्रामीणों को दिया जाएगा। इस पर ग्रामीणों ने की मत पर बात निकल कर आ रहा कि जामुन दोहर पैच का पुनः विरोध कर कार्य नही करने दिया जायेगा।

### सशिवि गेतलसूद के प्रबंध समिति का गठन

**अनगड़ा।** सरस्वती शिशु विधा मंदिर के प्रांतीय पर्यवेक्षक राममोहन बड़ाईक एवं हीरालाल महतो की उपस्थिति में रविवार को सर्वसम्मति से सरस्वती शिशु विद्यामंदिर गेतलसूद विधालय के प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जो निम्न प्रकार है संरक्षक विगेश्वर महतो अध्यक्ष जितेन्द्र उरांव उपाध्यक्ष सत्यनारायण बड़ाइक सचिव गणेश लोहरा सह सचिव कविता देवी कोषाध्यक्ष रेणुका देवी अभिभावक प्रतिनिधि भोला महतो पदेन सदस्य सेवाराम महतो प्रधनाचार्य प्रांतीय प्रतिनिधि हीरालाल महतो ; जिला निरीक्षकद्ध सदस्य राजेन्द्र लोहरा दया उरांव रीता देवी आरती कुमारी श्रीमति जालकी देवी मौजूद थे।

## जन-जन की सेवा ही आजसू पार्टी का सिद्धांत : डॉ देवशरण भगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** राजाउलातू में आजसू पार्टी की पंचायत प्रभरी एवं ग्राम प्रभारीयों का रविवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड़ अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा ने किया।संचालन केन्द्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डा देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों मे जन जन की सेवा का भाव नजर आता है। यह सेवा भाव हमारे पंचायत एवं ग्राम प्रभारी में भी सिदत के साथ दिखना चाहिए कहा कि जिस सपना के साथ आजसू ने लड़कर अलग राज्य लिया था वह सपना पूरा नही हुवा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय उपाध्यक्ष हसन अन्सारी ने कहा हमारा पिलर मेम्बर ही पार्टी का रीढ़ है । कार्यक्रम को केन्द्रीय महासचिव राजेन्द्र मेहता केन्द्रीय महासचिव रामजी यादव केन्द्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह केन्द्रीय सचिव सह नामकोम प्रखण्ड प्रभारी रामदूर्भ सिंह मुण्डा एवं राँची जिला महिला मोर्चा वीणा कुमारी ने भी संबोधित किया। मौके पर डॉ पार्थ परितोष जिला प्रवक्ता रोसनलाल मुंडा कुदरत अंसारी जगरनाथ महतो राजू उराँव गणेश महतो किरण देवी उमेश महतो बीरबल बैठा सुनीता हंस कुसुम बड़ा मंटू पाहन आदि मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यकर्ता देवव्रत चौधरी का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व भाजपा नेता और आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के पूर्व अध्यक्ष तथा अनगड़ा प्रखंड के सालहन ग्राम निवासी देवव्रत चौधरी का आज सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्हें सीना में दर्द होने पर एक सप्ताह पूर्व स्वर्णरेखा अस्पताल टाटी सिलवे मे भर्ती कराया गया था । वहां से शनिवार को छुट्टी करवाकर उसका दामाद अपना घर महिलौंग ले गए थे जहां रविवार की सुबह अखबार पढ़ने के बाद वह बाथरूम में घूसे। ज्यादा देर होने पर वाथरूम का दरवाजा खोलने पर वाथरूम में वे गिरे हुए थे बाद में तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज शाम उन्हें सालहन पुल के पास स्वर्ण रेखा नदी के किनारे अन्तिम संस्कार किया गया । अन्तिम संस्कार में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व सांसद रामटहल चौधरी पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो जेएलकेएम नेता देवेन्द्र महतो डॉ अमर कुमार चौधरी डॉ रिझू नायक सिकन्दर अन्सारी मानकी राजेन्द्र शाही अमरनाथ चौधरी देवनाथ महतो शिवलाल महतो शिबू मुन्डा रामपोदो महतो अजीत महतो भाई गंगाधर चौधरी दुर्गा महतो सहित गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## लूटकांड का अपराधी धराया, बाइक बरामद

**खलारी।** खलारी पुलिस ने मोटरसाइकिल लूटकांड का उद्भेदन कर अपराधी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद किया। 20 अप्रैल को खलारी थाना अन्तर्गत ग्राम भेलवाटांड तीन मुहान मेंन रोड के पास से रमेश गझू एवं भरत कुमार से अपराधियों के द्वारा मोटरसाईकिल जेएच 01 ए वाई 2210ए टी०भी०एस० राईडर की लूट लिया गया था। मोटरसाइकिल लूटकांड होने के बाद पीड़ित खलारी थाना में मामला दर्ज कर वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार काण्ड का उदभेदन हेतु पुनि सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में लूट की गई मोटरसाईकिल को मां मृत्युजंय मंदिर के नीचे एदलहातु थाना बरियातु जिला रांची से बरामद किया गया। लूटी गई बाइक के साथ अपराधी अभियुक्त फैसल अंसारी उर्फ राईडर लगभग 19 वर्ष पिता अली अकबर अंसारी ग्राम विठा बस्ती नियर पुरानी मस्जिदए थाना. गोन्दाए जिला. रांची को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथी अभियुक्तो के साथ मिलकर कई अन्य अपराधी कांड भी किये है। सभी संलिप्त का सत्यापन किया गया है। जिनके विरुद्ध लगातार छापामारी जारी है। शीघ्र गिरफ्तारी संभावित है। अभियुक्त के पास बरामद सामान में लूट का मोटरसाईकिल टीभीएस, मोबाईल जप्त किया गया।

# शिव भक्ति : दहकते अंगारे पर चले आस्था के कदम

- देवताओं को जगा कर 121 भोक्ताओं ने लिया पूजा का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के निलमंजरी बुटन महादेव एवं महावीर मंदिर हतवाल में आयोजित शिव भक्ति की मंडा पूजा शनिवार रात्रि छउ नृत्य के साथ संपन्न हुआ। ढोल-ढाक बाजे के साथ देवताओं को जगाकर गांव के 121 युवाओं ने (भोगता प्रवेश किए) पूजा का संकल्प लिया। होड़न सेवा से पूर्व सभी भोगताओं ने लोटन सेवा करते हुए मंदिर के चारो ओर परिक्रमा किए। गांव की ऐतिहासिक मंडा पूजा की जानकारी देते हुए गांव के प्रबुद्ध सह आरटीसी कॉलेज के निदेषक डा. पारसनाथ महतो ने बताया कि भोगता प्रवेश करने वाले सभी भक्त जनेव धारण करने व मंडा पूजा से पूर्व (पाटलियान) माता पार्वती पहले दिन मैके जाती हैं उसके दूसरे दिन बाजे-गाजे के साथ लाया जाता है। मंडा पूजा की रात में सभी शिव भक्त नगें पांव (आस्था के कदम) दहकते अंगारे में चले। जिसमें शामिल कई बच्चे भी शामिल थे। वहीं कई भक्त अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर अंगारे में चले। रात्रि में आयोजित छऊ नृत्य में सालहन व अनगड़ा के कलाकारों ने आकर्षक नृत्य का प्रदर्शन किए। पुजारी कृष्णा पाहन के अलाव मंडा पूजा में गणेश मुंडा, नरेश पाहन, नरेंद्र पाहन, कैलाश पाहन, महेश्वर महतो, सोहराई महतो, बालकिशुन महतो, लक्ष्मण महतो, कारीनाथ करमाली व गोल्डन करमाली व भागताइनों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



दहकते अंगारे पर चलते शिव भक्त।

## बेड़ो : अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर जताया आक्रोश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी में अनियमित विद्युत आपूर्ति व लो वोल्टेज के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। जिसको लेकर प्रखंड के ग्रामीणों ने रविवार को बेड़ो विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर कर अपना आक्रोश जताया। वहीं कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण किसान सिंचाई की समस्या से तो विद्यार्थी अपने पढ़ाई और व्यवसायी अपने व्यवसाय को लेकर गर्मी में परेशान है। वही ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बताया कि बिजली की कटौती व लो वोल्टेज से किसान त्रस्त है। जिसके कारण गेहूं एवं सब्जी की फसल सिंचाई नहीं हो पा रहा है। प्रखंड क्षेत्र की किसान सब्जी के फसल पर ही निर्भर है यदि इसी तरह बिजली व्यवस्था रही तो हमलोगों की सब्जी की फसल सुख कर बर्बाद हो जाएगी। इधर ग्रामीणों ने इस बाबत कनीय अभियंता विद्युत सब स्टेशन बेड़ो के नाम एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर बिजली आपूर्ति की सेवा नियमित करने व जन हित में लो वोल्टेज को सुधार करने एवं ग्रामीणों को नियमित बिजली उपलब्ध कराये जाने की मांग की है।

### एमआरटी की टीम आज करेगी समस्या का समाधान

साथ ही विधुत विभाग के जेई अशोक प्रियदर्शी एसडीओ प्रशांत कुमार व स्क्यूटिव इंजीनियर हिमांशु कुमार से दूरभाष पर ग्रामीणों ने बात किया। बातचीत में विभाग के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सोमवार को एमआरटी की टीम आकर इस समस्या का निराकरण करेगी। वही ग्रामीणों ने कहा है कि सोमवार के बाद विधुत व्यवस्था में सुधार नहीं होती है तो मंगलवार से अनिश्चित काल के लिए बेड़ो विधुत सब स्टेशन से विधुत आपूर्ति बंद कर दिया जाएगा।

एक नजर में

## आदित्य साहू ने कार्यकर्ताओं को दिये जीत का मंत्र



कार्यक्रम में बोलते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

ओरमांझी। राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू के निवास में रविवार को भाजपा शक्तिकेन्द्र कुच्चू की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संयोजक नेवालाल महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिन्हे आदित्य साहू ने रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिया। साथ ही रांची लोकसभा सीट पर भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीतने का मंत्र भी दिया। बैठक में पूर्व मुखिया समुंदर पाहन, अरविन्द कुमार, संजय कुमार, अमित राज, शशि भूषण कुमार, विजय आनंद, शशि मेहता, दिलेश्वर साहू, भरतप्रसाद गुप्ता, चन्नू महतो, अमरनाथ चैधरी, बिरजू महतो, प्रमोद कुमार, नागेंद्र प्रसाद, कृष्णा महतो, प्रेम कुमार, कुशेंदर महतो, जयप्रकाश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बनडीह गांव में हाथियों ने 3 एकड़ में लगी लौकी की फसल को रौंद डाला



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के बनडीह गांव में शनिवार रात 12 की संख्या में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। जंगली हाथियों ने अजीत महतो मोहित महतो साहेब प्रमाणिक निर्मल प्रमाणिक के 3 एकड़ में लगे लौकी के फसल को मन भर खाया और रौंद दिया। कुचलकर बर्बाद किया। किसानों के द्वारा इस कड़ी मेहनत और पूंजी लगा कर फसल उगाते है लेकिन हाथियों के द्वारा चंद मिनटों में नष्ट किये जाने से किसान हताश है। इधर वन विभाग के अधिकारियों को जंगली हाथियों के द्वारा फसल नुकसान का सूचना दिया गया एवं अतिशीघ्र मुआवजा राशि देने को लेकर मांग किया गया है।

## न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में बाल संसद का गठन



**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में बाल संसद का गठन किया गया विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र.छात्राओं के द्वारा सर्वसम्मति से बाल संसद के गठन के दौरान मंत्रियों का चुनाव किया गया। प्रधानमंत्री के रूप में सजाद अंसारी और उप प्रधानमंत्री के रूप में फरजाना परवीन का चयन किया गया अनुशासन मंत्री के रूप में अरमान खान और रौनक आरा का चुनाव किया गया। साथ ही खेल मंत्री के रूप में अमर कुमार और साफिन प्रवीन, सफाई मंत्री जैद अंसारी, कला मंत्री दीपिका कुमारी, स्मृति कुमारी और रबी मुंडा काचु मुंडा स्वास्थ्य मंत्री आरिफ अंसारी नौरिन फिजा और शिक्षा मंत्री में अलकमा जुमि का चुनाव किया गया। विद्यालय के निदेशक राशिद अंसारी ने प्रधानमंत्री समेत विभिन्न विभागों के मंत्रियों को बधाई देते हुए संबोधित किया और कहा कि बाल संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना एवं छात्र छात्राओं को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# आया राम...

लोक सभा चुनाव का दौ चरण समाप्त हो चुका है लेकिन राजनीतिक दलों में आज भी आया राम गया राम का संकट बरकरार है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जमकर पार्टी बदल रहें है और वे इसके बदले निश्चित तौर पर अपने लिये सीट की मांग कर रहें हैं। महाराष्ट्र के एक बड़ें नेता सीधे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में आये और संसद पहुंचने में सफलता प्राप्त कर लिया। यह क्रम कम या अधिक पूरे देश में चला। झारखंड में भी सभी प्रमुख दल के नेताओं ने आया राम गया राम को चरितार्थ करते हुए जमकर अपनी सुविधानुसार पाला बदलते रहें। लेकिन इसी पाला बदल में एक राष्टीय दल के नेता को फिर से घोखा हो गया। पहले वे अपनी राष्ट्रीय पार्टी जिससे वे विधायक सांसद रहे उसे त्याग आजाद होकर चुनाव में कूदे। दुर्भाग्य से बुरी तरह पिट गये और बहुत सोच समझकर इस बार दूसरी राष्ट्रीय पार्टी का दामन थाम कर पूरे देश में चर्चा में आ गये। लेकिन दुर्भाग्य ने उनका साथ नहीं छोड़ा और वहां भी उनका टिकर परिवारवाद के भेंट चढ़ गया। कुछ ही दिनों में इन्होंने फिर से अपने आप को आजाद कर लिया। सवाल यह है कि राजनीति में दलों का महत्व, अपनी विश्वसनीयता, जन संपर्क और जनहित के मुद्दों को हल करने की क्षमता का भी महत्व है। पूरे देश में बिहार से भी कांग्रेस ने एक जुझारू को टिकट ही नहीं दिया जबकि उन्होंने एक कदम आगे बढ़कर अपनी पार्टी का विलय ही एक राष्ट्रीय दल में कर दिया था। वे भी अब निर्दलीय मैदान में कूद गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई भ्रष्टाचारके आरोपी नेतागण भी एक दल में दनादन प्रवेश कर रहें है जिसे वांशिग मशीन वाली पार्टी कहा जा रहा है। सवाल अहम है कि इस प्रकार आयाराम गया राम वाले राजनेताओं को जनता किस प्रकार लेती है क्योंकि इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है जो चिंताजनक है।

# बढ़ती कीमत

देश में चुनावी माहौल है। अभी चुनाव में पांच चरण शेष हैं। इस बीच आलू,गेंहू, सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहें हैं। आलू का खुदरा बाजार 30 रुपये को पार कर गया है। आम आदमी बाजार से आलू और प्याज से काम चलाता है जब सब्जियां महंगी हो जाती है। अप्रैल-मई में हरी सब्जियों का दर बढ़ता है तब आलू और प्याज भारतीय घरों की रसोई घरों में लोगों की सब्जियों की कमी दूर करते हैं। लेकिन इस वर्ष आलू की खेती कम होने और बाजार में गेंहू की मांग सही होने से दोनों के मूल्यों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। देश में किसानों की बात जमकर होती है लेकिन किसानों की स्थिति और उनकी समस्याओं पर अब तक कोई ठोस काम नहीं हो सका है। चुनाव के मौसम में आलू और गेंहू की कीमत बढ़ने से सरकार मिशनरियों भी चौकन्ना हो गयी है। गेंहू की सरकारी खरीद कम हो रही है क्योंकि बाजार में गेंहू के कीमत किसानों को अधिक मिल रहा है। सरकार 22 रुपये किलो गेंहू खरीद रही है जबकि बाजार में यह 25रुपये औरउससे भीअधिक है। राज्यवार खरीद की कोई सरकारी सूचना जारी नहीं हुई है लेकिन सरकार ने बड़ी निजी कंपनियों से गेंहू न खरीदने का एकआर्डर जारी किया है। रायर्टस की यह खबर भारतीय कृर्षि की स्थिति बताने के लिये काफी है। एक तरफ वर्तमानसरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुनी हो जाए जिसके प्रयास जारी है दूसरी ओर बढ़ें बाजार भाव को कम करने के लिये प्रयास कर रही है। चूंकि कृर्षि और किसान कभी सरकारों के प्राथमिकता में नहीं रहे इसलिये देश खाद्य संकट और खाद्य असुरक्षा की ओर बढ़ रहा है। इस बीच सरकार ने प्याज के विदेशी निर्यात की अनुमति भी दे दी है जिससे मूल्यों में और वृद्धि की संभावना है। बढ़ती कीमत निश्चित तौर पर आम लोगों के लिये परेशानीका कारण बन सकता है।

# श्रमेव जयते ! दुनिया भर के मजदूरों का शोषण बंद हो

**श्रम-दिवस (1 मई) पर विशेष**





भारत की सभ्यता प्राचीनकाल से कर्म-प्रधान रही है। कर्म से ही सृष्टि होती है। श्रम का विलोम होता है विश्राम। ऐतरेय ब्राह्मण में श्रम का बड़ा ही मनोरम चित्रण मिलता है। श्रम करने से न थकने वाले को ही श्री की प्राप्ति होती है- नानाश्रांताय श्रीरस्ति। श्रम से असंभव भी संभव हो जाता है। श्रम से ही आदमी सम्पत्ति, यश, सम्मान सब कुछ अर्जित करता है। तभी तो कहा गया कि कर्मठ पुरुष लक्ष्मी को प्राप्त करता है- उदयोगिनः पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी और आलस्य शरीर में बैठा हुआ सबसे बड़ा शत्रु है।

चूँकि जीवन अनंत नहीं है और कार्य अनेक हैं इसलिए बिना समय गँवाए काम में जुट जाना चाहिए। महाभारत में शर-शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह ने जो उपदेश दिए उनमें यह भी था ह्यमृत्यु लोगों को पीट रही है और बुढ़ापे ने उनको घेर रखा है। ये दिन और रातें तेजी से बीतती जा रही हैं। तब, तुम क्यों नहीं जाग जाते? अब ऐसा काम करो जिससे तुम्हारा कल्याण हो और समय आगे न निकल जाए। कहीं ऐसा न हो की तुम्हारे कार्य अधूरे रह जाएं और मृत्यु तुम्हें खींच कर ले जाय। इसलिए जिस काम को कल करना हो, उसे आज ही कर लिया जाय। जिसे दोपहर बाद करना हो, उसे दोपहर से पहले कर डालना चाहिए, क्योंकि मृत्यु इस बात की बाट नहीं देखती कि इस आदमी का काम पूरा हो गया या नहीं। जो कल्याणकारी कार्य है उसे तुम आज ही कर डालो। यह महान काल कहीं तुम्हें लांघ न जाय।ह्न

ऐसे में यह अनायास नहीं था कि ह्यहिंद स्वराजह्न के रचयिता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने इस धरती को कर्म-भूमि कहा था। जीवन के बड़े सत्य को सामने रख कर बापू ने जीवन-चर्या में कर्म की अनिवार्यता प्रतिपादित करते हुए यह सीख दी थी कि आदमी को कमा कर खाना चाहिए। एक-एक क्षण का सदुपयोग करते हुए इस सूत्र को बापू अपने वास्तविक जीवन में उतारते रहे।

वस्तुतः श्रम (अर्थात मेहनत, मशक्कत, परिश्रम या प्रयास) ही जीवन को स्पंदित करता है। पर गौरतलब बात यह है कि यह श्रम नाशवान प्रकृति का है और यदि कार्य न किया जाय तो उस (बीत चुकी) अवधि का कार्य फिर वापस नहीं लौटाया जा सकता और सदा के लिए नष्ट हो जाता है। इसलिए जीवन का हर क्षण अनमोल है और उसका समुचित निवेश किया जाना चाहिए। यह विश्व कर्म प्रधान है और यह पुरानी कल्पना रही है कि श्रम से यह धरती स्वर्ग बन सकती है। दृढ़ लगन से कोई काम कठिन नहीं रह जाता और कर्महीन को कुछ भी नहीं मिलता। सिर्फ सपने देखने से नहीं काम करने से ही मनोवांछित फल मिलता है। तुलसीदास जी के शब्दों में- सकल पदार्थ एहि जग माही, करमहीन नर पावत नाहीं। वस्तुतः श्रम विकल्पहीन और अमूल्य है।



**-गिरीश्वर मिश्र**

> कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है।

जगत में कुछ भी स्वतः नहीं होता है- सिद्धिर्भवति कर्मजा। कर्म ही वह रहस्य है जिससे परमात्मा का स्मरण किया जाता है और मनुष्य सिद्धि प्राप्त करता है- स्व कर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दंति मानवाः। इसलिए श्रीकृष्ण कहते हैं कि सभी जन नियत कर्म करें- नियतं कुरु कर्म त्वं । कर्म किए बिना एक क्षण भी कोई रह नहीं सकता। श्रम का महत्व वैदिक काल में ही महसूस किया गया। प्राचीन आख्यानों में देवी-देवताओं द्वारा भी तप करने का वर्णन मिलता है। पुराणों में तप से सिद्धियाँ पाने के अनेक आख्यान हैं। उपनिषद की कथाओं में भी तपश्चर्या का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आरंभ से ही शतायु और सक्रिय जीवन भारतीय संकल्पना के केंद्र में बना रहा है। कर्म की अनिवार्यता ही श्रीमद्भगवद्गीता का मुख्य संदेश है। तिलक और गांधी जैसे राष्ट्रनेताओं ने कर्म, श्रम और सेवा की आपसी निकटता को सार्वजनिक जीवन में स्वर दिया। जगत में जीवन-यापन के लिए क्रियायोग निजी और सामाजिक जीवन में यज्ञ उन्नति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। कर्म पर सबकुछ टिका है। विद्वान भी वही है जो अमूर्त ज्ञान को व्यवहार में रूपांतरित कर सके। विद्वान स्वभाव से क्रियाशील होता है-यस्तु क्रियावान पुरुषः स विद्वान।

श्रम का आंतरिक रूप भी है और बाह्य भी। योग-शास्त्र में आसन, ध्यान तथा प्राणायाम की व्यवस्था की गई थी। प्राणशक्ति अपान, उदान, व्यान, समान आदि विभिन्न रूपों में शरीर में व्याप्त हो कर जीवनीय ऊर्जा का संचार करती है। श्रम करते हुए शरीर आंतरिक रूप से तो सुसज्जित होता ही है बाहर की दुनिया में विभिन्न कार्यों में श्रम के विनियोग द्वारा नई सर्जना में भी जुटता है। यह मन और शरीर के एक समग्र इकाई के रूप में संयोजन से ही संभव होता है। उल्लेखनीय है कि मन और शरीर को अलग सत्ता मानना पश्चिमी विचार है। मन और शरीर का द्वैत सोलहवीं सदी में पश्चिमी दार्शनिक रेने देकार्त द्वारा प्रतिपादित किया गया था। भारतीय चिंतकों ने मन को शरीर का ही हिस्सा माना था। वह अंतःकरण है यानी एक आंतरिक इंद्रिय जो सुख-दुःख का पता देता है और दूसरी सभी इंद्रियों को संचालन का आधार प्रदान करता है।

आज जीवन को तकनीकी संचालित करने लगी है और कार्य और विश्राम के बीच की सीमा रेखा धूमिल हो रही है। इसी तरह यथार्थ और आभासी (वर्चुअल) दुनिया को निकट ले आती इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों से लैस होती जा रही हमारे काम-काज की दुनिया उलट-पलट हो रही है । अब बहुत सारे काम लैप टाप या मोबाइल पर उंगली फिराने भर से पूरे हो जा रहे हैं। इसका असर कार्यों की प्रकृति और उसके आयोजन को प्रभावित पर पड़ रहा है। आफिस न जाकर घर से काम करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। कार्यों के विभाजन विभाजन और उसकी नियमितता को सुरक्षित रखते हुए गतिशीलता लाने की दिशा में कदम बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। परंतु मानवीय सम्बन्धों और भावनाओं की दुनिया से दूर होती जा रही कार्य की दुनिया अधिकाधिक यांत्रिक हुई जा रही है। इसी के साथ वैयक्तिकता और आत्मकेंद्रिकता बढ़ रही है और सामाजिकता संकुचित हो रही है। साइबर गतिविधियों के बढ़ने के साथ बहुत सारे नए नैतिक और आपराधिक सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

## खास बात

### जीवन में रामत्व

श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज , केवट, शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम, भाईचारे का संदेश दिया। राम का व्यक्तित्व ऐसा था जहां प्रेम और विश्वास में भीलनी माता शबरी अपने राम के लिए चख कर मीठे बेर एकत्र करती थीं। इस आस में कि भक्ति और प्रेम के भूखे उनके राजा राम एक दिन उनकी कुटिया में अवश्य आयेंगे। राम प्रेम के जूठे बेर ग्रहण कर ऐसे नैतिकता के सुकृत संदेश प्रेषित करते हैं जो लोक चेतना में आज भी जीवंत होकर व्यक्ति को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देते हैं।

श्रीराम का जीवन सामाजिक चेतना, समृद्धि ,सद्गुण और सहानुभूति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा स्रोत है। राम को पिता के वचन के लिए वैभवशाली जीवन त्याग करने में एक क्षण नहीं लगा। आज के युग में अपने छोटे से अधिकार को लोग त्यागना नहीं चाहते लेकिन राम ने समाज, परिवार में पुत्र और भाई के रूप में एक आदर्श प्रस्तुत किया। राज्य छोटे भाई को सौंप कर राम ने भरत से न ही कभी ईर्ष्या की ओर न ही द्वेष बल्कि हमेशा भरत के प्रति प्रेम रखा और उन्हें राज संभालने के लिए प्रेरणा देते रहे। राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था। राम मनुष्य से ही नहीं पशु, पक्षियों और प्रकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे। कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु-पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं। राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग है। ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं जो समरसता, स्नेह और प्रेम के पर्याय हैं।

बच्चों को राम के जीवन से, राम के आदर्शों से प्रेरणा दें जिससे वो भारतीय होने पर गर्व कर सकें।

# मालिक से नाता

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**कहते** हैं इब्राहिम के जीवन में क्रांति घट गई। उठकर उसने उस गुलाम के पैर छुए और कहा कि तूने मुझे राज बता दिया जिसकी में तलाश में था। अब यही मेरा और मेरे मालिक का नाता। तू मेरा गुरू है। तब से इब्राहिम शांत हो गया। जो बहुत दिनों के ध्यान से न हुआ था, जो बहुत दिन नमाज पढ़ने से न हुआ था, वह इस एक सूत्र से हो गया कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। सोचो, थोड़ा होश करो।

जैसा रखे, रहो। अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो जैसा उसने भेजा था, उससे विकृत भले ही हो गए हो, उससे सुकृत नहीं हुए हो। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है?

थोड़े दिन सच्चे गुरु नानक देव जी की सुन कर देखो। छोड़ दो उस पर। इसलिए गुरु नानक देव जी कहते हैं, न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा।

यह सब वही कर रहा है। एक ही साधना है वो है सच्ची श्रद्धा के सच्चे प्रेम का संपूर्ण समर्पण। आगे उस स्वांस देने वाले की मर्जी। जैसे ही तुम्हें खयाल आएगा उसकी मर्जी का, तुम पाओगे भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, एक वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। एक ओंकार सतनाम श्री वाहे गुरु जी।

**संविधान** से ही आपको मिला है - अधिकार, आवाज और आरक्षण!

और, मोदी आपसे ये छीन लेना चाहते हैं।


**-राहुल गांधी, कांग्रेस**

## रोचक ट्वीट

**पिछले** 10 वर्षों से सिर्फ चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रहे केन्द्र सरकार के विकास की एक सच्चाई यह भी है कि भारत के इतिहास में पहली बार ₹80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। गरीबी का यह शर्मनाक आकड़ा है।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





**ताश** के पत्ते जब पुराने हो जाते हैं, तो उन्हें जोकरों से बदल दिया जाता है।

**-सोनू सूद, हीरो**

# दुनिया में खाद्य संकट की आहट और बदलते मौसम की परेशानी

## सामयिक

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न संकट की आहट महसूस की जा रही है, भारतीय किसानों की पसीने की महक देश को नया आत्मविश्वास दे रही है। निस्संदेह कोरोना की पहली लहर के बाद लगे सख्त लॉकडाउन के दौरान केवल कृषि क्षेत्र ने देश की जीडीपी को संबल दिया। वैशाखी की बयार किसानों में नई उमंग भर गई है वहीं दूसरी ओर किसानों की अंतहीन समस्याएं खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। जहां तेज गर्मी की मार के चलते अनाज की गुणवत्ता में गिरावट आई है, वहीं किसानों को मंडियों में अनाज ले जाने से लेकर बेचने तक की प्रक्रिया में तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि सत्ताधीश ग्रामीण विकास, सड़कों व मंडियों के रखरखाव तथा सुविधाओं के विस्तार के लिये आवंटित धन को अन्य मदों में खर्च कर देते हैं। इससे अन्नदाता की ? अंतहीन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता। इसका हालिया उदाहरण पंजाब का है, जहां अब तक ग्रामीण विकास फंड के दुरुपयोग के चलते केंद्र ग्रांट पर रोक लगाने की बात कर रहा था। उसके बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पंजाब सरकार ने कानून में बदलाव लाकर समस्या का युक्तिसंगत समाधान निकाला। पंजाब सरकार ने केंद्र की शर्तों के अनुरूप पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) अध्यादेश-2022 को मंजूरी दे दी। इसके बाद राज्य सरकार रूरल डेवेलपमेंट फंड यानी आरडीएफ का पैसा केवल ग्रामीण विकास पर खर्च करेगी जिससे 1100 करोड़ रुपये की इस ग्रांट के पंजाब को मिलने का रास्ता साफ हुआ। दरअसल, इस ग्रांट को लेकर पंजाब का केंद्र से टकराव चल रहा था क्योंकि पूर्ववर्ती बादल व अमरेंद्र सरकार पर अनुदान का इस्तेमाल ग्रामीण विकास के बजाय अन्य कार्यों में खर्च करने के आरोप लगे। अब पंजाब सरकार कह रही है कि ग्रांट की धनराशि मंडियों व खरीद केंद्रों की सड़कों के निर्माण, मरम्मत, पेयजल व्यवस्था व भंडारण आदि पर खर्च की जायेगी।?

वहीं हरियाणा के किसान भी गर्मी की वजह से कम पैदावार के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाया जा रहा है कि गेहूं की पैदावार औसत से कम हुई तो बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई करेंगी। असल में, जनवरी में बेमौसमी बारिश व मार्च माह के मध्य में अप्रत्याशित गर्मी से गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि रबी की दूसरी फसलों का उत्पादन भी अन्य वर्षों के मुकाबले कम रह सकता है। राज्यों में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। दस से पंद्रह फीसदी कम उत्पादन की बात कही जा रही है। वहीं किसानों को अधिक तापमान के चलते कई तरह की अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। झुलसाती गर्मी व तेज हवा आग को फैलाने की वजह बनती हैं वहीं पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल एफसीआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं आने से खरीद एजेंसियां खरीद में संकोच कर रही हैं। इसके बाद राज्य एजेंसियों के इंस्पेक्टर्स हड़ताल पर चले गये। दरअसल, यदि गेहूं की कम मानकों पर खरीद होती है और एफसीआई द्वारा कोई छूट नहीं दी जाती तो उसकी जवाबदेही इन इंस्पेक्टरों की होती है जिसके चलते वे कुछ समय के लिए खरीद प्रक्रिया से हट गये।?इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने खरीद सीजन में गेहूं के सिकुड़े दानों के नियमों पर पुनः विचार करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया था जिसे बाद में केंद्र ने मान भी लिया। गर्मी के कारण गेहूं की फसल पर पड़े प्रभाव के आकलन का दायित्व इंडियन ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट? एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट को सौंपा गया है।

## कॉटून वर्ल्ड

हिंसा मुक्त हो दुनिया



## लेटर टू एडिटर

### हिंदी मीडियम पर ध्यान

**देश** में विज्ञान व गणित पाठ्यक्रम हिंदी में उपलब्ध हो। तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता वाली हिंदी की किताबें तैयार की जायें, जिससे देश में वैज्ञानिक सोच का विकास मातृभाषा के जरिये हो सके। आज का दिन इस पर मंथन करने का है।देश में अनुवाद के नाम पर हिंदी को जो जटिल बनाने की कोशिश हुई, उसने अन्य भाषाओं के लोगों को हिंदी से दूर ही किया है।

**- नीलेश, गढ़वा**

### सृजन का सम्मान

**तेईस** अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के लेखकों को सम्मान और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य लोगों का पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। बेशक आज इंटरनेट का दौर है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है।

**-रविशंकर सिंह, रांची**

# मौजूदा वैश्विक हालात में बेहतर स्थिति में है भारत

## सामयिक

दुनिया भर में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच मैं कई ऐसी प्रस्तुतियों से दो-चार हुआ जो भूराजनीति पर केंद्रित थीं। भूराजनीति को इतिहास के चश्मे से देखना और यह समझना दिलचस्प है कि हम आज कहां हैं। अधिकांश प्रस्तुतियों की शुरूआत वैश्विक आर्थिक शक्ति में बदलाव से हुई। बीते 2,000 से अधिक वर्षों में हमने कई महान शक्तियों का उत्थान और पतन देखा है। मेरा यह भी मानना है कि तकदीरों में यह बदलाव चक्रीय होता है और एक प्रकार से प्रति संतुलन का काम भी करता है।

भारत और चीन की आर्थिक शक्ति को ही लें तो अंगस मैडिसन के काम और ऐतिहासिक रूप से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की हिस्सेदारी के आधार पर हम देख सकते हैं कि सन 1800 में भारत और चीन का संयुक्त आर्थिक भार वैश्विक अर्थव्यवस्था में 50 फीसदी से अधिक था। उसके बाद दोनों कमजोर होने लगे।

भारत का पतन कहीं अधिक तेजी से हुआ और सन 1980 में वह वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10 फीसदी योगदान के निचले स्तर तक पहुंच गया। उसके बाद सुधार आया जो आज भी जारी है और भारत तथा चीन इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में 30 फीसदी के हिस्सेदार हैं। यहां से भारत का विकास और तेजी से होगा और उम्मीद है कि हम आने वाले दशकों में वापस 50 फीसदी हिस्सेदारी पा सकेंगे।

इन प्रस्तुतियों का एक और हासिल यह है कि हम चाहे जो भी सोचते और मानते हों लेकिन वास्तव में वैश्विक संघर्ष, रक्षा व्यय, वार्दी वाले लोगों की संख्या आदि आंकड़े आज भी अपने ऐतिहासिक स्तर से काफी कम हैं। इजरायल-हमास और यूक्रेन-रूस की लड़ाइयों जैसी त्रासदियों के बावजूद फिलहाल उतने लोगों की जान नहीं जा रही है जो मानवता के लंबे इतिहास में जाती रही हैं। भले ही हम ऐसा न सोचें लेकिन आज दुनिया पुराने समय की तुलना में अधिक सुरक्षित है। जाहिर है ऐसा प्रतीत होता है कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसकी वजह से अमेरिका का संरक्षणवादी रुख और मजबूत हो सकता है। निवेशकों के लिए एक सबक यह है कि सामान्य तौर पर भूराजनीतिक झटकों का असर बहुत कम समय के लिए रहता है। ज्यादातर मामलों में यह कुछ सप्ताह तक रहता है और उसके बाद वृहद आर्थिकी दोबारा बाजार का मुख्य कारक बन जाती है। विश्व युद्ध को छोड़ दिया जाए तो भूराजनीतिक झटकों से आई किसी भी गिरावट के समय खरीदी करना बेहतर रहा है। रूस-यूक्रेन जंग में भी यही हुआ। बॉन्ड बाजारों के लिए भी सुरक्षित ठिकानों पर कारोबार कम समय ही चल पाता है, यह टिक नहीं पाता।

सबसे दिलचस्प पाठ मुझे डायचे बैंक की प्रस्तुति का लगा। वह कहता है कि आने वाले वर्षों में भूराजनीतिक तनाव के कारक के रूप में सबसे अहम चार्ट चीन, अफ्रीका और भारत की जनसंख्या को दशार्ने वाला है। इसके मुताबिक 2022 के अंत तक तीनों क्षेत्रों की आबादी लगभग 1.4 अरब थी। हालांकि उनकी आबादी के प्रोफाइल में नाटकीय अंतर मौजूद था। चीन की मौजूदा 1.4 अरब की आबादी की बात करें तो 2100 तक यह घटकर 75-80 करोड़ रह सकती है। यह संयुक्त राष्ट्र के आबादी संबंधी आंकड़ों पर आधारित है। भारत की आबादी में अभी इजाफा होगा लेकिन आगे इसमें कमी आएगी और 2100 तक यह 1.4 अरब रह जाएगी। अफ्रीका की आबादी बढ़कर चार अरब हो जाएगी। ये केवल अनुमान हैं और हालात अलग भी हो सकते हैं। अगर ये आंकड़े सच के आसपास भी हैं तो इसका आने वाले दशकों की वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर गहरा असर होगा।

अगर चीन की मौजूदा मंदी चक्रीय है और यह कर्ज और अचल संपत्ति की मुश्किलों से पार पा भी जाता है तो लंबी अवधि की वृद्धि संभावनाएं कमजोर ही हैं। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो उम्रदराज होती और घटती आबादी के साथ तेजी से आगे बढ़ा हो। उत्पादकता कमजोर पड़ती श्रम शक्ति की भरपाई एक सीमा से अधिक नहीं कर सकती। इस जनसंख्या के साथ चीन दो-तीन फीसदी से तेज वृद्धि कैसे हासिल करेगा?

# भारतीय नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा सराहना की

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस (29 अप्रैल) पर विशेष

**डॉ. रमेश ठाकुर**



**नृत्य दुनिया** भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज ह्यअंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवसह्ल है जिसकी शुरूआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में ह्यअंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवसह्ल की थीम ह्लनृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका थी।

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दशार्ना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है। आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है।

नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुतेरे हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है। देशभर में हजारों की संख्या में डांस अकेडमी संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में नृत्य के टीचर बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देते हैं। राज्यों व केंद्र सरकार भी भरपूर संसाधन मुहैया कराते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सफलता पाने को बदलें खुद की आदतें

**रेखा शाह आरबी**



**हर** कोई अपने जीवन में खूब कामयाब होना चाहता है। क्योंकि समाज में इससे नाम होता है या कहें कि रुतबा बढ़ता है। यूं भी सफल इंसान का हर कोई सम्मान करता है। लेकिन कुछ ही लोगों को सफलता पाने की अपनी कोशिशों में कामयाबी मिलती है। यानी बहुत लोग असफल हो जाते हैं। गौरतलब है कि आखिर कैसे कुछ लोग कामयाबी-दर-कामयाबी हासिल करते जाते हैं और कुछ लोग नाकामयाबी पाते हैं। इसके सीधे से जवाब हैं- पहली बात तो सफलता किसी को भी थाली में सजा कर आज तक नहीं मिली है। इसके लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ती है। योजना बनानी पड़ती है कुछ ऐसे नियम व आदतें अपनानी पड़ती हैं जो हमें सफलता की मंजिल की तरफ ले जाती हैं। जीवन में यदि सफल होना है, अपने आप को बेहतर बनाना है तो हमको कुछ कामयाब करने वाली इन आदतों को सीखना चाहिए और अपने जीवन में जरूर उतारना चाहिए। आइए, उन आदतों के बारे में जानते हैं-

**असफलताओं को बना लें गुरु**

जीवन में यदि सफलता चाहिए तो सबसे पहले अपनी असफलता से सीखने की आदत डालिए। क्योंकि खुद की स्थिति और परिस्थिति से उपजा एक्सपीरिएंस एकदम सटीक ज्ञान देता है। वह अनुभव ये बताता है कि मैंने ऐसी क्या गलती की कि लक्ष्य को पाने में सफल नहीं हो पाया। यह भी कि आपकी असफलता आपका सही मूल्यांकन करती और बताती है कि आपको और कौन सी चीज सीखनी बाकी है जिसके बाद सफलता हाथ लग सकती है। तो सबसे पहले अपनी असफलता को ही अपना गुरु बनाएं।

**सफल लोगों की जीवनियों को पढ़ना**

धरती पर जितने भी सफल लोग हुए हैं आप उनकी जीवनी पढ़ेंगे तो आपको पता चलेगा कि सभी पॉजिटिव विचारों से लैस लोग थे। पता चलेगा कि कामयाब होने वाले शख्स कभी भी निगेटिव विचार को अपने दिमाग में नहीं लाते थे, न ही अपनी असफलता से कभी घबराते थे। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए जरूरी है आप भी हर बात में नेगेटिव सोचने की आदत छोड़ दीजिए। सफलता के दरवाजे अपने आप खुलते चले जाएंगे।

**आलस्य के साथ सुबह की नींद पर काबू**

हम और हमारी सफलता के बीच में सबसे बड़ा दुश्मन यदि कोई होता है तो वह हमारा आलस्य ही होता है। नींद, खासकर सुबह के वक्त सबको बहुत अच्छी लगती है लेकिन सफल लोग सुबह बिस्तर जल्दी छोड़ देते हैं और पूरे दिन क्या करना है इसकी प्लानिंग करने लगते हैं। यह जरूर है कि सुबह जल्दी जागने के लिए रात को जल्दी सोना भी लाजिमी है। दरअसल पूरी नींद लेना भी शारीरिक व मानसिक सेहत के लिए जरूरी है। इसीलिए यदि आपको भी जीवन में सफल होना है तो सुबह की नींद त्यागें और अपने कैरियर पर फोकस करें।

**कार्यो को करने के तरीकों में बदलाव**

सफल लोग एक ही ढर्रे पर आजीवन नहीं चलते हैं। वे प्रतिदिन कुछ नया सीखने का प्रयास करते हैं, कुछ नई-नई चीजों की तरफ अपना दिमाग दौड़ाते रहते हैं और दूसरों को भी नया सिखाने में भरोसा रखते हैं। लगातार कोई नई भाषा, शौक, नई स्किल सीखते रहें तो इससे दिमाग सक्रिय रहता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। सफल होने वाले लोग किताबें भी पढ़ते रहते हैं। इससे हमारे ज्ञान और समझ दोनों में विस्तार होता है। आप भी इन आदतों को अपनाकर अपनी नॉलेज और समझ को डेवलप कर सकते हैं

**स्वास्थ्य एवं चुस्ती**

सफलता और जीवन में बेहतर बनने के लिए स्वास्थ्य का अच्छा रहना बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। स्वस्थ मानस ही कुछ नई चीजों का आविष्कार करके खुद व अपने परिवेश को लाभान्वित कर सकता है। स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए जरूरी है कि आप पौष्टिक भोजन खाएं, नियमित व्यायाम करें व पर्याप्त नींद लें। आसन, प्राणायाम यानी योग का अभ्यास करें। ध्यान यानी मेडिटेशन आपको भीतर से शांत, प्रसन्न व उत्साहित रखने में बहुत मददगार है। ध्यान व्यक्ति के डिप्रेशन और तनाव को कम करके मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। जो किसी लक्ष्य -मंजिल को पाने यानी कामयाबी की जरूरी शर्त भी है।

# लाल आतंक से प्रेम कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारती कांग्रेस

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**नक्सलवाद** पर भाजपा शुरू से ही आक्रामक रहती आई है, किंतु दूसरी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार है, उससे लगता है कि कांग्रेस जरूर नक्सलियों से विशेष प्रेम रखती है। इसलिए जब कोई नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारा जाता है तो उसके नेता नक्सली के घर जाकर उसे श्रद्धांजलि देने में भी परहेज नहीं करते । सोचिए; जब देश के कई राज्यों में जिसकी सरकार हो, वह कांग्रेस इस तरह का कृत्य करे या इससे जुड़े नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नक्सलियों से मिलते हों अथवा उनके समर्थन में आगे आएं, तब फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि कांग्रेस नक्सलवाद का विरोध करती है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर रीजन के कांकेर में मारे गए माओवादी (नक्सली) नेता सिरीपेल्ली सुधाकर उर्फ शंकर राव के घर कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता और तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में मंत्री अनुसुइया दनसारी उर्फ सीताक्का अभी कुछ दिन पहले ही पहुंची और अब उनका इससे जुड़ा वीडियो भी वायरल है। जबकि यह सर्वविदित है कि नक्सली आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति सुधाकर कई हिंसक घटनाओं में शामिल था और सुरक्षा बलों को उसकी तलाश थी। अब आप ही विचारें; कांग्रेस पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता और एक राज्य तेलंगाना में जो मंत्री भी हो, वह किसी नक्सली के घर जाकर उसके परिवार के सामने संवेदना व्यक्त करे तो उसके इस कृत्य को क्या माना जाए? क्या यह देशभक्ति है या देशद्रोह ? ऐसे में कई लोग आज कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का यह आचरण केवल चरमपंथियों, वामपंथियों के कार्यों को महिमामंडित करने और उसे वैध बनाने के काम आता है। साथ ही यह कानून व्यवस्था बनाए रखने के सुरक्षा बलों के प्रयासों को कमजोर करते हैं।

प्रश्न यह है कि क्या यह पहली घटना है, जब किसी नक्सली के प्रति कांग्रेस के नेता द्वारा हमदर्दी जताई गई। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के जंगल में सुरक्षाबलों ने चार घंटे तक चली मुठभेड़ में जब 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया जाता है, तब इसके लिए सुरक्षाबलों की पीठ थपथपाने की जगह कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को ह्यशहीदह्ल बताती हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की इस पर प्रतिक्रिया भी आई, उन्होंने कहा भी कि ह्लयह वही नक्सली हैं जिन पर 25 लाख का इनाम है लेकिन कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए।

एक बयान छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी खूब चचाओं में रहा, उन्होंने तो हद ही कर दी! कह रहे हैं कि ह्यजब से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, प्रदेश में फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है। अभी चार महीने में फिर से फर्जी एनकाउंटर में वृद्धि हुई है। नक्सली बताकर वनवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जाने लगा है। बस्तर और कांकेर जैसे क्षेत्र में ये चल रहा है। इस प्रकार की घटनाओं की वृद्धि हो रही है।ह्ल विचार करें; क्या इस प्रकार के प्रमुख कांग्रेस नेताओं के बयान से नक्सलियों का मनोबल नहीं बढ़ता होगा?

अगले साल छत्तीसगढ़ में झीरम घाटी नरसंहार को 11 साल पूरे हो जाएंगे। इस सबसे बड़े नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रथम पंक्ति के कई नेता मारे गए थे। कई जवान भी बलिदान हुए थे। इस मामले में अब तक की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है । ऐसे में हमले में मारे गए कांग्रेस नेता और बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने हमले में जीवित बचे कांग्रेसी नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम, जो कवासी लखमा बचकर आ जाते हैं। कोंटा से कवासी लखमा विधायक हैं, उनके विधानसभा क्षेत्र से यात्रा निकाल रही थी। ऐसे में उनकी जवाबदारी सुरक्षित यात्रा की थी लेकिन आश्चर्य है कि नक्सली हमला करते हैं और लखमा जी बचके आ जाते हैं, बाकी लोग बलिदान होते हैं। क्यों ! नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम है लखमा जी से। मेरे पिता नहीं रहे। मेरा नुकसान हुआ। मैं अभी भी डंके की चोट पर कहता हूं कि इस हमले में बचकर आए सभी नेताओं का नार्को होना चाहिए। इस नक्सली हमले की ह्रदयविरादकता इतनी अधिक थी कि नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया था। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था।

इसी प्रकार कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन का नक्सली समर्थक बयान सामने आ चुका है। जिस पर पिछले वर्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी को ही नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक बताया था। साथ ही कहा कि देश और प्रदेश के विकास को नक्सलियों ने अवरुद्ध किया। शहरों में रहने वाले नक्सलियों के समर्थकों ने विकास को रोका। कांग्रेसियों में नक्सलियों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर है जोकि देश के लिए बहुत घातक है। दरअसल, सांसद रंजीत रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली लोग गलत नहीं होते। बहुत लोगों को गलत तरीके से फायदा उठाया जाता जाता है। बहुत लोग उनके नाम से दुकानें चला रहे होते हैं। वह भी इंसान हैं। हम भी इंसान हैं तो डर कैसा। जो लोग यह पैदा कर रहे हैं वह नहीं चाहते कि शांति बहाल हो। यानी कि एक तरह से सांसद रंजीत रंजन ने नक्सलियों को भोला-भाला इंसान करार दिया था, जोकि कई भोलेभाले आमजन, नेताओं और पुलिस फोर्स, सैनिकों के हत्यारे हैं।

यह भी एक तथ्य है कि वर्ष 2018 मे प्रतिबंधित नक्सलियों से साठगांठ के आरोप में गिरफ्तार और नजरबंद तत्कालीन 10 लोगों के पास मिले दस्तावेजों से देश में अस्थिरता फैलाने की बड़ी साजिश का संकेत मिला था। चौंकाने वाली बात यह है कि नक्सलियों की मदद कर रहे ह्यशहरी नक्सलीह्ल इस मामले में कांग्रेस की सहायता मिलने का भी दावा कर रहे थे । भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार रोना विल्सन के लैपटॉप में एक बड़े नक्सली नेता की ईमेल मिली। ईमेल में ह्यकामरेड एमह्ल ने दलित आंदोलन की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने में कांग्रेस का साथ मिलने का दावा किया गया था। विल्सन को भेजी ईमेल में लिखा गया कि शहर में रहने वाला शीर्ष नक्सल नेतृत्व कांग्रेस में हमारे कुछ दोस्तों के साथ संपर्क में है। वे दलित आंदोलन को और भी आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने का सुझाव दे रहे हैं। भीमा कोरेगांव हिंसा के दो दिन बाद ही लिखी ईमेल में वहां चले आंदोलन को काफी सफल बताया गया। इसके साथ ही हिंसा में एक व्यक्ति की मौत को मुद्दा बनाते हुए आगे भी आंदोलन चलाने और इसके लिए दुष्प्रचार सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया था। ह्यकामरेड एमह्ल के अनुसार नक्सल नेतृत्व ने भीमा कोरेगांव हिंसा के लिए कामरेड सुधीर को दो बार फंड भेजा था। इसके साथ ही आगे के आंदोलन के लिए जरूरी फंड की जिम्मेदारी कामरेड शोमा और कामरेड सुरेंद्र को सौंपी गई । ह्यकामरेड एमह्ल ने रोना विल्सन को बताया है कि किस तरह नक्सल नेतृत्व भीमा कोरेगांव की तर्ज पर अन्य भाजपा शासित राज्यों में उग्र दलित आंदोलन खड़ा करने की तैयारी में जुटा है। इस काम में जुटे विश्वरूपा, सुदीप, सुशील और देवजानी का मोबाइल नंबर भी दिया गया । इसमें में यह साक्ष्य महत्वपूर्ण है कि रोना विल्सन ने ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश का सुझाव अपनी ईमेल में नक्सली नेतृत्व को दिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद रोना विल्सन को जून में ही गिरफ्तार कर लिया गया था ।

# हाईकोर्ट बोला- केंद्र सेनाओं में महिलाओं की भागीदारी तय करे

**मिलिट्री,** नेवी और एयरफोर्स अकादमी में उऊ़ के जरिए एडमिशन दें, 8 हफ्ते में जवाब मांगा। कुश कालरा नाम के याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 को जारी हुए वढरउ के एक नोटिफिकेशन को चैलेंज देते हुए याचिका लगाई थी। कुश कालरा नाम के याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 को जारी हुए वढरउ के एक नोटिफिकेशन को चैलेंज देते हुए याचिका लगाई थी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से सवाल किया है कि क्या इंडियन आर्म्ड फोर्सेस के इंडियन मिलिट्री एकेडमी , इंडियन नेवल एकेडमी और एयर फोर्स एकेडमी में कॉम्बाइंड डिफेंस एग्जामिनेशन के जरिए महिलाओं को एंट्री मिल सकती है। हाईकोर्ट ने केंद्र को 8 हफ्ते में जवाब देने को कहा है।

याचिकाकर्ता के मुताबिक, जब रक्षा मंत्रालय ने एनडीए एग्जाम में महिलाओं को एंट्री दे दी है और हर साल सेना में भर्ती होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, तो उऊ़ एग्जाम के जरिए क्टअ, क्ठअ और क्अॠमें महिलाओं की भर्ती ने करने का कोई कारण नजर नहीं आता है।

वर्तमान में महिलाओं को सिर्फ ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति है।

वर्तमान में महिलाओं को सिर्फ ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति है।

याचिका में अपील- महिलाओं के समानता के अधिकार का हनन हो रहा

याचिका में कहा गया कि योग्य महिला उम्मीदवारों को देश के सबसे बड़े ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स में ट्रेनिंग लेने का मौका न देना,



कोर्ट ने ये आदेश कुश कालरा नाम के याचिकाकर्ता की याचिका पर दिया। इसमें कालरा ने दिसंबर 2023 को जारी हुए वढरउ के एक नोटिफिकेशन को चैलेंज दिया था। इस नोटिफिकेशन में इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडम, एयर फोर्स एकेडमी और ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में एग्जाम के जरिए रिक्रूटमेंट के लिए एप्लीकेशन मंगाई गई थी।

याचिकाकर्ता ने अपील की कि महिलाओं को उनके जेंडर के चलते इन परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

याचिकाकर्ता ने अपील की कि महिलाओं को उनके जेंडर के चलते इन परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

कोर्ट बोला- केंद्र 8 हफ्तों में कानून के तहत निर्णय ले

शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा ने संज्ञान लिया कि इस मामले में याचिकाकर्ता की याचिका अब तक संबंधित उनके समानता के मौलिक अधिकार का हनन है। केंद्र सरकार उपयुक्त शिक्षा हासिल किए अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों को उऊ़ परीक्षा देने और इंडियन मिलिट्री एकेडमी, इंडियन नेवल एकेडमी और एयर फोर्स एकेडमी जॉइन करने की अनुमति देता है। हालांकि, योग्य और इच्छुक महिला उम्मीदवारों को यही एग्जाम लेने की अनुमति नहीं दी जाती है। और इसके लिए कोई सही कारण भी नहीं बताया जाता है।

इंडियन आर्मी में महिला अफसरों के लिए एक नई पॉलिसी बनाई जा रही है। महिला अफसरों ने कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक के प्रमोशन में भेदभाव का आरोप लगाया था। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सीनियर वकील आर बालासुब्रमण्यम ने कोर्ट में कहा कि इंडियन आर्मी में महिलाओं के प्रमोशन के मामले पर काम जारी है। केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय कोस्ट गार्ड को एक महिला अफसर को नौकरी से निकालने के लिए फटकार



अथॉरिटी के पास पेंडिंग पड़ी है। जजों ने कहा कि हम केंद्र को आदेश दे रहे हैं कि वे 8 हफ्तों में कानून के तहत महिलाओं के रिप्रेजेंटेशन को लेकर कोई निर्णय लें। इस आदेश के साथ हम इस याचिका का निपटारा कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने कहा- महिलाओं को जेंडर के आधार पर एग्जाम से बाहर रखना गलत

याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि आइएएम, आइएएन और आइएएफ की तरफ से कराए जाने वाली परीक्षा के नोटिफिकेशन में महिलाओं को उनके जेंडर के आधार पर अनुचित रूप से बाहर रखा गया है। महिलाओं को सिर्फ डळअ में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए अप्लाई करने की अनुमति है।

लगाई। कोस्ट गार्ड ने महिला अफसर प्रियंका त्यागी को 2021 में शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के रूप में निकाल दिया था। कोर्ट ने कोस्ट गार्ड से कहा कि महिला अफसर को फिर से फोर्स में शामिल करना चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने महिला अधिकारियों को परमानेंट कमीशन न देने के कोस्ट गार्ड के फैसले की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन दिए जाने को लेकर अपने ही फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि ये भेदभाव खत्म होना चाहिए।

स्पीड न्यूज

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना बस्ती निवासी एक युवती ने हरि मंदिर डिमना बस्ती निवासी राहुल गुप्ता पर शादी का झांसा देकर वर्ष 2018 से यौन शोषण करने का मामला उलीडीह थाने में दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोशिश में लग गई है। युवती का आरोप है कि राहुल गुप्ता 27 अप्रैल 2018 से उसका यौन शोषण कर रहा है जबकि अंतिम बार उसने 27 अप्रैल 2024 को यौन संबंध बनाया।

## जेम्को कंपनी के खाली क्वार्टर की दीवार गिरी

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को में कंपनी की खाली क्वार्टर की दीवार गिरने से रविवार को एक बच्ची घायल हो गयी। घटना के बाद बच्ची को ईलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना से बस्ती के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। जुस्को की ओर से जेम्को की क्वार्टरों को ठीक से नहीं तोड़े जाने के कारण रविवार को लोग वहां से ईंट और रॉड की चोरी कर रहे थे। इस बीच ही एक बच्ची पर पूरी दीवार गिर गयी।

## गोराई कुलु समाज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर करण गोराई जीते

**जमशेदपुर।** गोराई (तेली) कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति के 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने के उपरांत आज रविवार को नयी कमिटी का चुनाव कराया गया। उक्त चुनाव रविवार को सुबह 10 से शाम के 4 बजे तक शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया गया और इसी दिन मतगणना के बाद शाम 6 बजे विजयी प्रत्यासियों की घोषणा की गयी। उक्त चुनाव समाज के स्थायी कार्यालय चेनाब रोड स्थित विवेकानंद स्कूल, दुर्गा बाड़ी के समीप स्थित स्थाई कार्यालय में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई।

## न्यायालय ने भूमि के स्वामी को जमीन पर कब्जा दिलाया

**गम्हरिया।** व्यवहार न्यायालय सरायकेला की ओर से वाद संख्या 17/2022 के मामले में देनदार सुकुरमनी नायक, सरस्वती नायक, इंदु नायक, अर्जुन नायक और भीम नायक, पिता- स्व चमरू नायक की उपस्थिति में बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त व्यवहार न्यायालय के नाजिर द्वारा भारी संख्या में पुलिस बलों के साथ दोनों पक्षो के भूमि सम्बन्धी कागजातों की जांच कर जमीन को खाली करा कर भूमि के स्वामी राजू चौधरी को कब्जा दिला दिया गया। इस दौरान उक्त भूमि पर मकान बनाकर रह रहे उपरोक्त व्यक्तियों का सामान भी बाहर कर उन मकानों को भी खाली कराया।

## गीता कोड़ा के समर्थन में बाबूलाल करेंगे जनसभा

**जमशेदपुर।** 29 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी सराईकेला विधानसभा अन्तर्गत राजनगर दुर्गा पूजा मैदान में पूर्वाहन 11 बजे भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने तमाम कार्यकर्ताओं से जनसभा को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार केशरी ने दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील की आयरन ओर माइंस ने एमईएमसी सप्ताह के अंतिम दिन 10 पुरस्कार जीते

- नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 माइंस ग्रुप में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और विजया-क्क आयरन माइन ने शनिवार को रांची में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 30वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (टएटउ) सप्ताह, 2022-23 के अंतिम दिन के कार्यक्रम में 10 पुरस्कार जीते हैं।

नोआमुंडी आयरन माइन को अ-1 ग्रुप ऑफ माइंस में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, माइंस को इसी समूह में तीन अन्य श्रेणियों- खनिज संरक्षण, माइंस बेनिफिसिएशन और सतत विकास में विजेता घोषित किया गया।

इसके अलावा, अ-1 ग्रुप के तहत वनीकरण और पुनर्ग्रहण एवं पुनर्वास श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार नोआमुंडी आयरन माइन को प्रदान किए गए।

इसी तरह, विजया- आयरन माइन को व्यवस्थित और वैज्ञानिक खनन में विजेता घोषित किया गया और दो श्रेणियों- वेस्ट डंप मैनेजमेंट और प्रचार तथा प्रसार में ए-1 समूह में उपविजेता घोषित किया गया।

टाटा स्टील ने स्टॉल डिस्प्ले में प्रथम पुरस्कार जीता, जिसे खदानों और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए इस अवसर पर लगाया गया था।



विजेता टाटा स्टील की टीम।

टाटा स्टील के अधिकारियों ने आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के खान नियंत्रक शैलेंद्र कुमार से पुरस्कार प्राप्त किए, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 75 पुरस्कार दिए गए, जिसमें राज्य भर की 31 माइंस ने भाग लिया।

इस अवसर पर आईबीएम के रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलिल संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार सिंह, टाटा स्टील के जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू) अतुल कुमार भटनागर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गुआ आयरन माइन के चीफ जेनरल मैनेजर (सीजीएम) कमल भास्कर, सेल के किरीबुरू आयरन माइन के सीजीएम कमलेश राय, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर आरआर अंबष्ठ, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर बासुदेव गंगोपाध्याय, टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन माइन के चीफ डी विजयेंद्र और राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने परिचालन के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित, कंपनी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से रॉ मटेरियल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

# समीर महंती को हल्के में लेने वाले मुंह की खायेंगे : चंपई

- जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत तय : सीएम
- सीएम चंपई सोरेन ने टाउन हॉल में बूथ कमेटियों संग की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आज कहा कि जमशेदपुर लोकसभा सीट समेत झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडि गठबंधन की जीत होगी। विधानसभा की तर्ज पर लोकसभा सीटों पर भी भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने भाजपा को चेताया कि जमशेदपुर सीट पर हमारे प्रत्याशी समीर महंती को हल्के में लेने की भूल नहीं करें। वे कार्यकर्ताओं एवं सहयोगी दलों की मदद से भाजपा को बुरी तरह हराने जा रहे हैं।



जमशेदपुर के प्रत्याशी समीर महंती को हाथ उठवा कर जीत का आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री चंपई सोरेन।

मुख्यमंत्री आज दोपहर टाउन हॉल सिदगोड़ा में झामुमो बूथ कमेटी की बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से रुबरु थे। पत्रकारों ने जब पूछा कि भाजपा के दो टर्म के सांसद के सामने झामुमो एवं इंडि प्रत्याशी समीर महंती को बहुत कमजोर आंका जा रहा है? मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को याद रखना चाहिए कि विधानसभा चुनाव में जब झामुमो ने जुगसलाई सीट पर एक बेघर कार्यकर्ता मंगल कालिंदी को टिकट दिया तो उन्हें कमजोर प्रत्याशी माना गया। किन्तु मंगल की छवि और कार्यकर्ताओं की मेहनत से वे आज लोकप्रिय विधायक हैं। उसी तरह समीर महंती भले ही भाजपा प्रत्याशी की तरह संसाधन संपन्न नहीं है किन्तु चुनाव कार्यकर्ताओं के उत्साह,मेहनत और समपर्ण से जीता जाता है। खुशी की बात है कि तमाम इंडि गठबंधन वाली पार्टियों पूरी इमानदारी से साथ दे रही हैं इसलिए समीर की जीत तय है।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की उपलब्धियों और केंद्र सरकार की विफलताओं को जनता तक पहुंचाये। हर बूथ पर लीड लेना है और इंडि सह झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को विजयी बनाने में जुट जाएं। जनता के बीच हमारे साथ माहौल है, जीत हमारी होगी।

## बस और स्विफ्ट कार में सीधी टक्कर, एक की मौत दो गंभीर

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता टाटा मुख्य मार्ग पर टेटला मोड़ के समीप पुरुषोत्तम सवारी बस तथा स्विफ्ट कार में भीषण टक्कर हो गया जिसमे ऑन स्पॉट एक महिला की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। एक की हालत चिंताजनक है। बताया जाता है की घटना लगभग दो बजे दिन की है। चाईबासा की ओर से बोकारो-चाईबासा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस बस टाटा जा रही थी। विपरीत दिशा से एक स्विफ्ट कार (ओ डी ओ 2बी एल 3402) आ रही थी। टेटला मोड़ के समीप दोनो में भीषण टक्कर हो गयी। जिसमे स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गए। वही कार में सवार तीन में से एक व्यक्ति की कार में ही दबकर मृत्यु हो गई। दो व्यक्तियों को ग्रामीणों की सहायता से कार से निकालकर सदर अस्पताल भेजा गया। सूत्रों के अनुसार तीनो जमशेदपुर गोविंदपुर के रहने वाले है। वे ओडिशा के क्योझर जा रहे थे। रिश्ते में जीजा साला थे। दोनो की हालत गंभीर है। बहन की मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी समीर तिर्की घटना स्थल पर पहुंचे तथा आवश्यक कार्रवाई की।



## खूंटी लोकसभा क्षेत्र पीएम मोदी के दिल के बेहद करीब है : अर्जुन मुंडा

- केंद्रीय मंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी में चला रहे जन संपर्क अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**खूंटी/जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी जी ने जो काम किया,वह सब के सामने है। चाहे महिला हों, चाहे युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसे सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। श्री मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खूंटी लोकसभा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम-जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सबके लिए गर्व का पल है।



## शुरू हुआ बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां उर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स शरीफ बिष्टुपुर स्थित दरगाह में रविवार को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी के साथ शुरू हो गया है। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के गद्दी नशी ताज अहमद, अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी के अलावा मदरसा फैज उल उलूम धातकीडीह, कुरान एकेडमी कपाली, जियाइया दारुल किरात आजादनगर के बच्चे, बिष्टुपुर मस्जिद के पूर्व खतीब इमाम मौलाना हफीजुद्दीन, बिष्टुपुर मस्जिद के खतीब इमाम मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद, मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर, हाफिज इबरार अहमद आदि मुख्य रूप से शामिल हुए और कुरान पाक की तिलावत कर फातिहा पढ़ा गया।

वहीं सुबह से ही जमशेदपुर के अलावा झारखंड, उड़ीसा, बंगाल और बिहार से अकीदतमंदों का उर्स में शामिल होने के लिए आना शुरू हो गया। चुनाशाह बाबा के दरगाह पर दूर दूर से जायरीन अपनी मुराद लेकर आते है और दरगाह पर चादर पेश करते हैं।

## नीमडीह पुलिस की तत्परता से बच गयी प्रेमी की जान

- हत्या की नीयत से प्रेमी का अपहरण कर ले जाते पांच परिजनों को पुलिस ने जेल भेजा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के लावा गांव के रहने वाले 33 वर्षीय युवक आनंद महतो का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर जंगल में फेंकने की योजना बनाई थी। किन्तु पुलिस की तत्परता से न सिर्फ युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया बल्कि इस मामले में शामिल 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि चांडिल थाना के भुईयाडीह निवासी एक युवती का नीमड़ीह थाना क्षेत्र के लावा गांव निवासी आनंद महतो के साथ प्रेम प्रसंग था । युवती के परिजनों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था ,परिजनों ने युवक के अपहरण कर हत्या किए जाने के योजना को बनाया था। पुलिस की सक्रियता से आनंद महतो की जान बच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि भूईयाडीह निवासी स्व मेघनाथ महतो की बेटी लावा निवासी शादीशुदा आनंद महतो से प्रेम करती थी।

## मोदी की योजनाओं से गरीबों-आदिवासियों को लाभ : कर्मवीर सिंह

- प्रदेश संगठन मंत्री ने गीता कोड़ा के पक्ष में की चुनाव संचालन समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जगन्नाथपुर चुनावी कार्यालय में जग्गनाथपुर विधानसभा स्तरीय कोर कमिटी संचालन समिति की बैठक में सिंहभूम लोकसभा दौरे में आये प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, जिला अध्यक्ष संजय पांडे के साथ शामिल हुए जहां उनका जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक में कर्मवीर सिंह ने संचालन समिति के सदस्यों से शक्ति केंद्रों, बूथ कमिटियों, मंडल कार्यालयों खुलवाने पर समीक्षा किये। कर्मवीर सिंह ने कहा कि गरीबों के जन कल्याणकारी योजनाएं के साथ आदिवासियों के जीवन के विकास उनके सम्मान पर मोदीजी ने अनेक कार्य किया, ये ही कार्य भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता कोड़ा को जीत दिलायेगी जिससे भारतीय जनता पार्टी गठबंधन करेगी 400 पार।

बड़कुंवर गागराई नेकहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज में सारंडा के जंगल उजड रहें है, बंद खदानों से लिहा पत्थर की चोरी खुले आम हो रही है,सबसे ज्यादा बालू की धड़ल्ले से चोरी इंडि प्रत्याशी के विधान सभा, मंत्री, मुख्यमंत्री के विधानसभाओं के नदियों से हो रही है, जिसमें केवल गरीब आदिवासी के ट्रैक्टरों को फंसा कर जब्त किया जा रहा है, जिले के विकास। के लिए मोदीजी के बनाये गए डीएमएफटी फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है, केंद्र में सरकार बनते ही इसकी सघन जांच करवाई जायगी। 4 लाख बेरोजगारों को रोजगार, कांट्रेक्ट मास्टरों को परमानेंट करने, 2 लाख तक कृषि लोन माफ करने जैसे झूठे वादे कर वोट लेने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा केवल आदिवासियों मूलवासियों को ठग कर इस्तेमाल ही कर रही है, पिछड़ों के 27 प्रतिशत आरक्षण को इन्होंने लटका के रखा है और केवल झूठी बयानबाजी करते हैं, इनके पास वोट मांगने का कोई मुद्दा ही नही है। बैठक में प्रभारी दिनेश चंद्र नंदी, संयोजक शम्भू हाजरा, सह संयोजक धीरज सिंह, शाहू पूर्ति, बिपिन पूर्ति आदि थे।



बैठक को संबोधित करते कर्मवीर सिंह।

## एक नजर में

### मायुमं ने किया वाटर ऑन व्हील अमृतधारा लांच

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं) स्टील सिटी शाखा के द्वारा आज दिनांक 28.4.24 दिन रविवार सुबह 11 बजे वाटर ऑन व्हील (चलित शीतल जल)अमृत धारा का उद्घाटन किया गया।यह कार्यक्रम काशीडीह स्थित श्रेष्ठम के समीप से किया गया। समाज सेवी अशोक चौधरी ने नारियल फोड़ के फीता कॉंटा और हरी झंडी दिखा के इसका उद्घाटन किया। मंच के अध्यक्ष द्वारा अशोक चौधरी को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री अशोक चौधरी जी इस समाज सेवा कार्य के लिए मंच को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी कि इसी तरह मंच आगे भी समाज के लिए इस तरीके का सेवाभाव कार्य करती रहे। इस कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल, अमृत धारा संयोजक नवनीत बंसल, अजय चेतानी, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), मनीष चौधरी, अनिमेष छापोलिया, अंकित मुनका, रिश्व चेतानी, अंशुल रिंगसिया, निलय अग्रवाल, नितिन अग्रवाल उपस्थित थे।




### रिक्शा चालकों के बीच टोपी व कोल्ड्रिंक्स वितरित

**जमशेदपुर।** अमिय चरण खुटिया सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने साकची गोलचक्कर के समीप रविवार को दर्जनों की संख्या में मौजूद रिक्शा चालाकों के बीच भीषण गर्मी में सभी को टोपी एवं कोल्ड्रिंग्स बितरण कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष बबलू खुटिया एवं उपाध्यक्ष जोगेन्दर सिंह राठौर ने कहा कि संस्था सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है और दीन दुखियों तथा बंचित लोगों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम करती है, ताकि उनके जीवन स्तर को उपर उठाया जा सके। वहीं संस्था के महासचिव संतोष दास एवं संस्था के सलाहकार सुनील मांझी ने कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके अधिकार दिलाने में मदद करती है। मौके पर अध्यक्ष बबलू खुटिया, वरिय उपाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह राठोर , महासचिव संतोष कुमार दास, कोषाध्यक्ष सरत कुमार राउत , सलाकार सुनील मांझी, रजनी दास , संजय दास ,सचिन ठकर, बादल भाई आदि थे।



### विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने जसकंडी में स्वास्थ्य चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट व डॉ मनीष झा ने जसकंडी में महिलाओ और बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया। महिलाओं को बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं बच्चों के साथ माताएं अपने स्वास्थ्य को कैसे अच्छा रख सके। आयरन, कैल्शियम, विटामिन ए और आयोडीन युक्त भोजन हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है इसपर चर्चा हुई। बताया गया किस भोजन से कितना आयरन कैल्शियम और विटामिन मिलता है। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मे आयरन, कैल्शियम और विटामिन ए के कमी होती है जिससे बहुत सारी शारीरिक समस्याएं होती है कम खर्चे में कैसे हम लोग उन्नत भोजन कर सकें इस पर चर्चा हुई। अंत में संस्था ने महिलाओं को हॉर्लिक्स दिया।



### एसएमबी फाउंडेशन ने की गौ सेवा

**जमशेदपुर।** शहर की स्वयंसेवी संस्था एसएमबी फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे जुगसलाई स्थित टाटानगर गौशाला में गौसेवा का आयोजन किया गया। मौके पर ट्रस्ट द्वारा टाटानगर गौशाला को उपस्थित गायों के लिए हरी साग, चोकर, गुड़ एवं अन्य भोजन सामग्री दानस्वरूप दी गयी। ज्ञात हो कि एसएमबी फाउंडेशन के द्वारा विगत 2 वर्षों से समय-समय पर रक्तदान शिविर, चिकत्सकीय वित्त मदद, अन्न दान, वस्त्र दान एवं होनहार छात्रों के पढाई के खर्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। अनुष्ठान में कौशिक घोष, जहर लाल अधरजी, दुर्गा घोष, प्रकाश मुखर्जी, शौभिक घोष चौधरी, रंजना मुखर्जी, अशोक कुमार सिंह, मनोज भगत के साथ साथ संस्था सक्रिय सदस्यों का सहयोग रहा।



### अमल संघ, सिदगोड़ा में 82 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में रक्त के भीषण संकट को देखते हुए रविवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अमल संघ, सिदगोड़ा ने एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर को जमशेदपुर ब्लड सेंटर, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, सुधा डेयरी तथा साधन टेन्ट हाउस ने सहयोग प्रदान किया। बीते कई दिनों से जमशेदपुर में भीषण गर्मी के बावजूद अमल संघ के शिविर में कुल 82 रक्तवीरों ने अपना बहुमूल्य रक्त दान कर एक मिशाल कायम किया है। विशेष कर महिला रक्तदाता तापती सरकार, उपासना सरकार को संघ ने सम्मानित किया। इसे सफल बनाने में विश्वनाथ गुप्ता, आलोक दत्ता, मनोरंजन सरकार, संतोष पात्रा, तरूण विश्वास, रंजन बैनर्जी, सुभम, ज्ञानेंद्र मालाकार, बादल पात्रा, बप्पादित्य पाल, प्रबीर दास, सुखदेव सरकार, खोकना दा जुटे हैं।



# कोहली-जैक्स के तूफान में उड़ा गुजरात

## बेंगलुरु ने दर्ज की सीजन की तीसरी जीत, गुजरात को 9 विकेट से हराया, मैन ऑफ द विल जैक्स मैच



एजेंसी

**अहमदाबाद।** विल जैक्स के तूफानी शतक, विराट कोहली के जबरदस्त अर्धशतक और दोनों के बीच सिर्फ 74 गेंद में नाबाद 166 रन की साझेदारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया। मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने साईं सुदर्शन और शाहरुख खान के अर्धशतकों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 200 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने विल जैक्स के 41 गेंद में नाबाद 100 और विराट कोहली के 44 गेंद में 70 रन की बदौलत चार ओवर पहले ही 206 रन बनाकर नौ विकेट से मैदान मार लिया। यह आरसीबी की लगातार दूसरी तो सीजन में कुल तीसरी जीत है। गुजरात 10 मैच में छठी हार के साथ आठ अंकर लेकर सातवीं पोजिशन पर अटका हुआ है।

### जैक्स की ताबड़तोड़ नाबाद शतकीय पारी

शुरूआती 17 गेंदों में महज 17 रन बनाने वाले जैक्स ने अपनी नाबाद आतिशी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 15वें और 16वें ओवर में क्रमशः मोहित शर्मा और राशिद खान के खिलाफ 29-29 रन बटोरने के दौरान कुल सात छक्के और तीन चौके लगाए। जैक्स ने दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 70) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 74 गेंद में 166 रन की अटूट साझेदारी की। कोहली ने 44 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाकर स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को जवाब दिया। कोहली ने इस दौरान मौजूदा आइपीएल सत्र में 500 रन पूरे किए। यह सातवीं बार है जब कोहली ने आइपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं। गुजरात के लिए बी साई सुदर्शन 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी खेलकर हाइएस्ट स्कोरर रहे। साईं सुदर्शन ने आठ चौके और चार छक्के लगाने के साथ दो अहम साझेदारियां कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए शाहरुख खान (58) के साथ 45 गेंद में 86 रन की साझेदारी से मैच में टीम की वापसी कराई और फिर डेविड मिलर (26) साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की।

### शाहरुख खान का पहला अर्धशतक

बड़े-बड़े शॉट मारने में माहिर शाहरुख खान के बल्ले से आखिरकार आइपीएल का पहला अर्धशतक आ ही गया। शाहरुख ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए, जिससे टीम धीमी शुरूआत से उबरने में कामयाब रही। 2021, 2022 और 2023 में पंजाब किंग्स के साथ रहे शाहरुख खान को ज्यादा मौके नहीं मिला करते थे, लेकिन आज के मैच में गुजरात ने उन्हें बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट किया। चौथे नंबर पर उतरे इस खिलाड़ी ने तेज 58 रन बनाकर इस डिसिजन को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मिलर ने 19 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज, ग्लेन मैक्सवेल और स्वप्निल सिंह ने एक-एक विकेट लिए।

### शुभमन गिल का खराब फॉर्म जारी

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर रहे आरसीबी के गेंदबाजों ने गुजरात के बल्लेबाजों को पाव प्ले में खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। गुजरात की टीम शुरूआती छह ओवर में एक विकेट पर 42 रन ही बना सकी। इस मैच से टीम में वापसी कर रहे मैक्सवेल ने गिल को आउट कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। शुभमन गिल 19 गेंद में 16 रन बनाकर बाउंड्री पर कैच आउट हुए।

**गुजरात 200/3 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साहा कै. कर्ण बोल्ड स्वप्निल | 05 | 04 | 01 | 00 |
| गिल कै. ग्रीन बो. मैक्सवेल | 16 | 19 | 01 | 00 |
| सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 08 | 04 |
| शाहरुख खान बोल्ड सिराज | 58 | 30 | 03 | 05 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 02 | 01 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन** : 6-1, 45-2, 131-3.

**गेंदबाज** :स्वप्निल सिंह : 3-0-23-1, मोहम्मद सिराज : 4-0-34-1, यश दयाल : 4-0-34-0, ग्लेन मैक्सवेल : 3-0-28-1, कर्ण शर्मा : 3-0-38-0, कैमरन ग्रीन : 3-0-42-0.

**बेंगलुरु 206/1 (16 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 06 | 03 |
| डु प्लेसिस कै. किशोर बो. शंकर | 24 | 12 | 01 | 03 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 05 | 10 |

**अतिरिक्त** :12

**विकेट पतन** : 40-1.

**विकेट पतन** : अजमतुल्लाह ओमरजाई : 2-0-18-0, संदीप वॉरियर : 1-0-15-0, साई किशोर : 3-0-30-1, राशिद खान : 4-0-51-0, नूर अहमद : 4-0-43-0, मोहित शर्मा : 2-0-41-0.

### सुदर्शन ने भी ठोका पचासा पूरे किए 400 रन

वहीं, सुदर्शन भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने इस मैच में अपने आइपीएल करियर का छठा पचासा लगाया है। उन्होंने इसके लिए 34 गेंदों का सहारा लिया। सुदर्शन ने मिलर के साथ चौथे विकेट के लिए 69 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई। सुदर्शन ने 49 गेंदों में 84 रनों की दमदार पारी खेली। इसी के साथ वह आइपीएल 2024 में 400 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौके और चार छक्के निकले।



## आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 09 | 08 | 01 | 00 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 08 | 05 | 03 | 00 | 10 | +0.972 |
| चेन्नई | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 00 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 | -0.276 |
| गुजरात | 10 | 04 | 06 | 00 | 08 | -1.113 |
| पंजाब | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.187 |
| मुंबई | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 | -0.415 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 500 |
| गायकबाज | चेन्नई | 447 |
| सुदर्शन | गुजरात | 418 |
| सैमसन | राजस्थान | 385 |
| राहुल | लखनऊ | 378 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 14 |
| रहमान | चेन्नई | 14 |
| हर्षल | पंजाब | 14 |
| पथिराना | चेन्नई | 13 |
| नटराजन | हैदराहाद | 13 |

### आत्मविश्वास से भरी दिल्ली और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी कोलकाता

**कोलकाता।** पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही। लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गये आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं।

### आइपीएल मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आइपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे हैं क्योंकि उन्हें टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। मांग अत्यधिक होने के चलते लोगों को टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। तो वहीं जिन लोगों को टिकट मिल भी रहा है उन्हें उसके ज्यादा पैसे चुकाने पड़ रहे हैं।

### कर्स्टन सफेद बॉल के और गिलेस्पी पाक की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किये अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे।

### इशांत व वॉर्नर एक हफ्ते के लिए रहेंगे बाहर

**नयी दिल्ली।** धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा प्लेइंग इलेवन से बाहर रहेंगे, वह चोट से अभी उबर नहीं पाये है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे कहा, मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं। उनका एमआरआई कराया गया था जिसमें उनकी चोट के बारे में पता चला है कि उन्हें दो से तीन सप्ताह आराम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जब दिल्ली वापस आएंगे तो वे सिलेक्शन के लिए तैयार होंगे।

### भारतीय महिला टीम सिंगापुर को हराकर थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**चेंगदू।** भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूनामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। चीन के चेंगदू में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरूआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरूआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया।

# चेन्नई ने तोड़ा हैदराबाद का गुरूर

## चेन्नई ने चेपॉक पर दर्ज की अपनी 50वीं जीत, रनों के लिहाज से हैदराबाद को मिली सबसे बड़ी हार

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने होम ग्राउंड एमए चिदंबरम स्टेडियम पर दमदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों के बड़े अंतर से हराया। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 54 गेंदों पर 98 रन की पारी खेली और डेरिल मिचेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिसके दम पर चेन्नई ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटके और हैदराबाद की पारी 18.5 ओवर में 134 रन पर ही सिमट गई। हैदराबाद के लिए एडेन मार्करम 26 गेंदों पर 32 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे।

### किसी एक मैदान पर 50 से अधिक मैच जीतने वाली तीसरी टीम बनी सीएसके

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर अपनी 50वीं जीत दर्ज की। चेन्नई आइपीएल में किसी एक स्थान पर 50 से अधिक मैच जीतने वाली तीसरी टीम बन गई है। उससे पहले मुंबई और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम भी अपने होम ग्राउंड पर 50 से अधिक जीत दर्ज कर चुकी है।



### हैदराबाद को मिली सबसे बड़ी हार

हैदराबाद के बल्लेबाज इस मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। एडेन मार्करम को छोड़कर उसका अन्य कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को पार नहीं कर सका। हैदराबाद की बल्लेबाजी इतनी खराब रही है कि टीम के पांच बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सके और टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और ऑलआउट हो गई। हैदराबाद को इस तरह रनों के लिहाज से आइपीएल इतिहास में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले उसे चेन्नई ने ही 2013 में 77 रनों से हराया था जो उसकी सबसे बड़ी हार थी।

### टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक बार 200 से ज्यादा स्कोर बनाने वाली टीम बनी सीएसके

गायकवाड़, मिचेल और शिवम दुबे की तूफानी बल्लेबाजी से सीएसके एक बार फिर 200 से ज्यादा रन बनाने में सफल रही। चेन्नई ने हैदराबाद के खिलाफ डेथ ओवरों में 12.80 की रन रेट से रन बनाए। सीएसके की टीम इसके साथ ही टी20 में सर्वाधिक बार 200 से ज्यादा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। सीएसके ने 35वीं बार टी20 क्रिकेट में 200 से अधिक स्कोर बनाया और इस मामले में इंग्लिश काउंटी क्लब समरसेट को पीछे छोड़ा जिसने टी20 में 34 बार 200 से ज्यादा स्कोर खड़ा किया है।

**चेन्नई 212/3 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे कै. अहमद बो. भुवनेश्वर | 09 | 12 | 01 | 00 |
| ऋतुराज कै. रेड्डी बो. नटराजन | 98 | 54 | 10 | 03 |
| मिचेल कै. रेड्डी बो. उनादकट | 52 | 32 | 07 | 01 |
| शिवम दुबे नाबाद | 39 | 20 | 01 | 04 |
| एमएस धोनी नाबाद | 05 | 02 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 09

**विकेट पतन** : 19-1, 126-2, 200-3.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-38-1, नीतीश कुमार रेड्डी : 1-0-8-0, शाहबाज अहमद : 3-0-33-0, टी नटराजन : 4-0-43-1, जयदेव उनादकट : 4-0-38-1, पैट कमिंस : 4-0-49-0.

**हैदराबाद 134/10 (18.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड कै. मिचेल बो. देशपांडे | 13 | 07 | 01 | 01 |
| अभिषेक कै. मिचेल बो. देशपांडे | 15 | 09 | 01 | 01 |
| अनमोलप्रीत कै. अली बो. देशपांडे | 00 | 01 | 00 | 00 |
| मार्करम बोल्ड मथीशा पथिराना | 32 | 26 | 04 | 00 |
| नीतीश कै. धोनी बो. जडेजा | 15 | 15 | 00 | 00 |
| क्लासेन कै. मिचेल बो. पथिराना | 20 | 21 | 00 | 01 |
| समद कै. शार्दूल बो. रिजवी | 19 | 18 | 01 | 01 |
| शाहबाज कै. मिचेल बो. रहमान | 07 | 05 | 01 | 00 |
| कमिंस कै. मिचेल बो. देशपांडे | 05 | 07 | 01 | 00 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 04 | 03 | 00 | 00 |
| उनादकट कै. मोइन बो. रहमान | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :00

**विकेट पतन** : 21-1, 21-2, 40-3, 72-4, 85-5, 117-6, 119-7, 124-8, 132-9, 134-10 .

**विकेट पतन** : दीपक चाहर : 3-0-22-0, तुषार देशपांडे : 3-0-27-4, मुस्तफिजुर रहमान : 2.5-0 19-2, रवींद्र जडेजा : 4-0-22-1, शार्दूल ठाकुर : 4-0-27-1, मथीशा पथिराना : 2-0-17-2.

## भारतीय महिला टीम ने टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 45 रनों से हराया



एजेंसी

**सिलहट।** यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 45 रनों से हरा दिया है। भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। फाहिमा खातून (1), शोरना अख्तर (11), राबेया खान (2), नाहिदा अख्तर (9) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक (51)रनों की पारी खेली। बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर को दो विकेट मिले। श्रेयंका पाटिल, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत का प्रयास किया। इसी दौरान तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर स्मृति मंधाना (9) को फरीहा तृस्ना ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यास्तिका भाटिया ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट लिये 43 रन जोड़े। शेफाली ने 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (31) रन बनाये।

# तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में भारतीय 'तिकड़ी' ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**शंघाई।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

### भारत ने नहीं गंवाया एक भी सेट

धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरूआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की। इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ नौ अंक वाले तीन निशाने शामिल थे। इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाए। भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गई और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाए। इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाए और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली। तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आई और टीम सिर्फ 53 अंक ही बना सकी। भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाए और 2010 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग का टीम खिताब जीता। इस जीत से पहले महिला टीम ने 2013 विश्व कप में दो बार जुलाई में मेडेलिन तीसरे चरण और अगस्त में व्रोकला चौथे चरण में कोरियाई टीमों को हराया था।

### अंकिता-धीरज को मिला कांस्य

इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिक्स्ड टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी। मां बनने के बाद खेल से दूर रहीं अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरूआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं। खिताबी दौर में दीपिका की शुरूआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा। उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फ एक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



**भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित कुल आठ पदक** : भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते। पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे।

**तीरंदाजी में भारत ने हासिल किया है एक कोटा** : भारत ने तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक सिर्फ कोटा हासिल किया है। यह कोटा धीरज ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में अर्जित किया है। ओलंपिक के लिए आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा 18 से 23 जून तक तुर्की के अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण है, जिसके बाद टीम रैंकिंग के आधार पर दो अतिरिक्त कोटा मिलेगा। यह पहली बार है जब टीम रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक कोटा मिलेगा। क्वालीफायर से पेरिस का टिकट कटाने में नाकाम रही टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की टीमों को ओलंपिक जाने का मौका मिलेगा।

### सोमवार से पर्यटकों के लिए बंद हो जाएगा धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम

**धर्मशाला।** आइपीएल मैचों के मद्देनजर सोमवार से धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को बाहरी लोगों के लिए फिलहाल बंद कर दिया जाएगा। जिसके चलते करीब 12 दिनों तक पर्यटक दीदार नहीं कर पाएंगे। पर्यटकों के लिए सोमवार से स्टेडियम को बंद कर दिया जाएगा जिसके चलते 29 अप्रैल से 11 मई तक स्टेडियम बंद रहेगा। पर्यटन नगरी धर्मशाला व मैक्लोडगंज आने वाले पर्यटक स्टेडियम का दीदार करना नहीं भूलते। मौसम कोई भी हो, पर्यटकों की चहल-पहल स्टेडियम में लगी रहती है। लेकिन अब 11 मई तक धर्मशाला आने वाले पर्यटक धर्मशाला को घूम सकेंगे, लेकिन स्टेडियम को नजदीक से निहारने का मौका उन्हें नहीं मिल पाएगा।

### महेश्वरी ने महिला स्कीट में ओलंपिक का 21वां कोटा हासिल किया, जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली।** निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने रविवार को दोहा में आईएसएसएफ शॉटगन ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप के समापन दिन महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 21वां कोटा स्थान हासिल कर लिया। पहली बार फाइनल में खेल रही महेश्वरी को स्वर्ण पदक के लिए शूट ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड ने 4-3 से हराया। इससे पहले दोनों निशानेबाजों ने 60 में से एक समान 54 अंक बनाये थे। यह महिला स्कीट में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा स्थान है। महेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा, मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ी निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा है। महेश्वरी दिन की शुरूआत में तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन क्वालीफिकेशन के आखिरी दौर में 23 के स्कोर के कारण उन्होंने चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## स्पीड न्यूज

### महादेव एप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार



**रायपुर।** महादेव सट्टा एप मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी टीम ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से एक्टर साहिल खान को गिरफ्तार किया है। उन्हें मुंबई ले जाया गया है। पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहिल को जगदलपुर से गिरफ्तार किया गया। साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और प्रमोट करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बॉम्बे हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी से राहत नहीं मिलने के बाद साहिल खान मुंबई छोड़ कर फरार हो गया था। लगभग 40 घंटे तक पीछा करने के बाद पुलिस ने साहिल को गिरफ्तार किया।

### इराक में समलैंगिक संबंध अपराध घोषित

**बगदाद।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पारित किया है। इसके तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा दी जाएगी। ट्रांसजेंडर्स को भी ऐसे मामलों में एक से तीन साल के लिए जेल में भेजा जा सकता है। कानून के अनुसार, समलैंगिकता से जुड़े मामलों में अधिकतम 15 साल जेल की सजा दी जा सकेगी। इसका उद्देश्य समाज को नैतिक भ्रष्टता व समलैंगिकता से बचाना है।

### गुजरात में 86 किलो ड्रग्स जब्त, 14 अरेस्ट

**नयी दिल्ली।** नारकोटिक्स ब्यूरो और गुजरात एटीएस के साथ एक संयुक्त अभियान में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के निकट अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास लगभग 86 किलो ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है। जिसकी कीमत लगभग 600 करोड़ रुपये बताई गई थी। पिछले कुछ दिनों से खुफिया इनपुट के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया जा रहा था। भारत के तटरक्षक जहाज राजरतन ने एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ शनिवार को रातभर समुद्री वायु समन्वित संयुक्त कार्रवाई की।

### सपा के पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

**लखनऊ।** संत कबीरनगर जिले की खलीलाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण चौबे रविवार को समाजवादी पार्टी छोड़कर अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। चौबे के साथ संत कबीरनगर जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, सपा के जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, खलीलाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष जगत पाल व जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा के अलावा, श्रीपत यादव, अश्वनी गुप्ता, जगदीश चौधरी के साथ-साथ कई प्रधान व पूर्व प्रधान भाजपा में शामिल हुए।

### मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुर्नमतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुर्नमतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें सामने आयी थीं।

# पुलिस से सामना होते ही माफिया की पैंट हो जाती है गीली : योगी



**▸▸ यूपी के मुख्यमंत्री बोले ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय**
**▸▸ अखाड़ा सजने से पहले ही हार मान चुकी है सपा, चाचा भी कर गये हैं पलायन**

**एजेंसी**


**आगरा/बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सपा सरकार में माफिया सरकार चलाते थे, आज माफिया का सामना पुलिस से हो जाए तो उसकी पैंट गीली जाती है। सीएम ने कहा कि 500 सालों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां हस्तशिल्पियों ने जलेसर का घंटा लेकर अयोध्या पहुंचे। रामलला अयोध्या में पुनः स्थापित हुए तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस ने न तो जलेसर की सुध ली और न ही अयोध्या की। कांग्रेस के लोग तो राम को ही नकार रहे थे। समाजवादी पार्टी कहती थी कि कोई परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। आज भगवान राम लला अयोध्या में हैं। हर दिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। रामलला का सूर्य तिलक भी आप ने देखा होगा। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि रामलला अयोध्या में विराजमान हों।

कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे व्यक्तिगत कानून लागू करेंगे। इसका मतलब तालिबानी शासन लागू करेंगे। कांग्रेस और सपा को क्या हो गया। देश के अंदर अराजकता पैदा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। योगी ने कहा कि कल्याण सिंह पूरा जीवन राम मंदिर के लिए लगा दिया। वे दिवंगत हुए तो सपा ने संवेदना के एक भी शब्द नहीं कहे। दूसरी तरफ माफिया के मरने पर सपा के नेता फातिया पढ़ने गए थे। जनता ने तय किया कि मोदी जी देश चलाएंगे और वे लोग फातिया पढ़ेंगे। उनके लिए वही स्थान उचित है। योगी ने जनसमूह से एक बार फिर मोदी सरकार का नारा लगवाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता यूं ही नहीं एक बार फिर मोदी सरकार को लाना चाह रही है। पीएम मोदी ने 10 वर्ष से लगातार देश सेवा कर रहे हैं। आज देश में आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हो गया है। यह परिवर्तन हुआ है। हाईवे, रेलवे, हर घर नल, बिजली, हाईवे जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। जलेसर के घंटे को देश भर में बजाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगीरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में आज करेंगे नामांकन दाखिल

**▸▸ नामांकन से पहले योगी और धामी करेंगे रोड शो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को लखनऊ में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों को इस यादगार कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में जितना विकास कार्य कराया, उतना देश के किसी भी शहर में नहीं हुआ। भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि संदेश देने के लिए कई नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जा रही हैं। पारिवारिक पर्ची वितरण का कार्य भी किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के मुखियाओं को पर्चियां दे रहे हैं और लखनऊ सांसद के विकास कार्यों के पत्रक बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह विधानसभा के सामने स्थित यूपी भाजपा कार्यालय से पर्चा दाखिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। वहां से सुबह 10 बजे मंत्रियों, महापौर और अन्य लोगों के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए एक वाहन पर सवार होकर कलक्ट्रेट जाएंगे।

# केजरीवाल और हेमंत सोरेन की याचिकाओं पर सुनवाई आज



**▸▸ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी को शीर्ष अदालत में दी है चुनौती**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने को चुनौती दी है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है। केजरीवाल ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई व्यवस्था को नजरअंदाज करके की गई है। ईडी सिर्फ जांच में सहयोग ना करने का हवाला देकर गिरफ्तार नहीं कर सकती। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 फरवरी को ही फैसला सुरक्षित कर लिया था लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया है। इसकी वजह से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं। ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष लवली का पार्टी से इस्तीफा

**पंजा को बड़ा झटका**

**▸▸ प्रदेश प्रभारी पर मनमानी करने और आम आदमी पार्टी से गठबंधन के विरोध में अरविंदर सिंह ने छोड़ा हाथ**



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है। लवली ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है और उनका आभार जताया है कि उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था। पत्र में उन्होंने लिखा कि पिछले 7-8 महीने के दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया और नाराज कार्यकर्ताओं तथा पार्टी छोड़ चुके कई कांग्रेसी नेताओं को फिर पार्टी में शामिल कर कांग्रेस को दिल्ली में मजबूत करने का काम किया लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मनमानी से दिल्ली को लेकर फैसले लिए जिसके विरोध में वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने इस्तीफे में लिखा है कि दिल्ली कांग्रेस उस आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर गठित हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन किया है। पार्टी नेतृत्व की इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता खुश नहीं है इसलिए उन्होंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की नाराजगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठक हो रही थी तो प्रदेश कार्यालय के बाहर दिल्ली के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार किया है।

उन्होंने दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रभारी महासचिव की मनमानी ज्यादा ही बढ़ गई है इसलिए वह पद छोड़ रहे हैं। श्री लवली के मुताबिक उन पर श्री बाबरिया के खिलाफ रहने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर करने का भारी दबाव है। लवली ने लिखा कि यह पत्र में बहुत भारी मन से लिख रहा हूं। मैं पार्टी में खुद को एकदम लाचार महसूस कर रहा हूँ इसलिए अब दिल्ली के अध्यक्ष पद पर बना नहीं रह सकता। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सर्वसम्मत सभी फैसलों पर भी दिल्ली के प्रभारी रोक लगा देते हैं। जब से मुझे दिल्ली का पार्टी चीफ बनाया गया है तब से मुझे किसी को भी सीनियर पद पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं है।

### कन्हैया के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**नयी दिल्ली।** कन्हैया कुमार के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उत्तर पूर्वी दिल्ली से किसी लोकल को ही कैंडिडेट बनाना चाहिए न कि किसी बाहरी को मौका देना चाहिए। कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रही है। दिल्ली में उसे तीन सीट मिली हैं। इसमें से एक सीट उत्तर पूर्वी दिल्ली की है,जहां से कन्हैया कुमार को टिकट मिला है। आलाकमान का यह फैसला अब लगता है उनपर ही भारी पड़ रहा है। कन्हैया की उम्मीदवारी के खिलाफ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने मौजपुर मेट्रो स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि हमें बाहरी पसंद नहीं है। उन्हें इस सीट से कोई लोकल कैंडिडेट चाहिए।

# भ्रष्टाचार व कुशासन से बंगाल में रूक गया है विकास : नड्डा

**▸▸ केंद्र से भेजा गया चावल चुरा लेते हैं टीएमसी कार्यकर्ता**



**बहरमपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा कि बंगाल, जिसे आज तीव्र गति से आगे चलना चाहिए था, लेकिन ममता बनर्जी के राज में भ्रष्टाचार, तोलाबाजी, कुशासन के कारण बंगाल का विकास रूक गया। नड्डा ने कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है। बंगाल की हालत बहुत खराब हो गई है। नड्डा ने कहा कि हम मजबूत सरकार की बात करते हैं, लेकिन ममता मजबूर सरकार चाहती हैं। ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भेदभाव में विश्वास रखती हो और जिसका आतंकवादियों के प्रति नरम रुख हो। दूसरी ओर, नरेन्द्र मोदी की मजबूत सरकार' विकास और समृद्धि, देश को सुरक्षित करने और आतंकवाद और गलत कामों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देने में विश्वास करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के लोगों को चावल चोर कहा जाता है। वे केंद्र द्वारा भेजा गया चावल चुरा लेते हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि ममता सरकार केंद्रीय परियोजनाओं को बंगाल में लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के दौरान कई तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं। तृणमूल नेताओं के घर से भारी मात्रा में पैसे बरामद किये गए हैं जबकि केन्द्र की मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ।

### तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता : अमित शाह



**मैनपुरी।** गृह मंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा। यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी।

# पूर्वी भारत के 80 मार्गों पर रोज चलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें



**▸▸ रेलवे ने करीब 450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का दिया ऑर्डर**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे अगले तीन साल के भीतर राजधानी दिल्ली से बिहार समेत पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम एक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन करने लगेगी जिससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेजगति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता को देखते हुए करीब साढ़े चार सौ अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है और तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगीं। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिजायन में ढाला जाएगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जाएगा। बजट में 3000 ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गयी है।

### फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आयेंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुयी थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# अब धाम तक फर्राटा भरेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**चारधाम यात्रा**

**▸▸ विश्व फलक पर दिखेगी पर्यावरण संरक्षण की अलख**
**▸▸ हर 30 किलोमीटर पर बन रहा है चार्जिंग स्टेशन**



**एजेंसी**

**देहरादून।** श्रीकेदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दिव्य धाम में शीश झुकाकर पूजन करने की कामना हर हिन्दू की होती है। लिहाजा चारधाम यात्रा के दौरान बुजुर्गों को बेहद कठिनाई भी झेलनी पड़ती है, लेकिन इस बार चारधाम यात्रा बेहद सुगम और आसान होगी। भगवान के घर की राह सरल तो होगी। साथ ही इस बार चारधाम यात्रा देश-दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ स्वच्छता की भी अलख जगाएगी।

उत्तराखंड राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अब चारधाम यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन फर्राटा भरेंगे। आरटीओ सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक वाहन चाहे वह कामर्शियल हों या निजी, उन्हें चारधाम आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था की जा रही है। चार्जिंग स्टेशन की संपूर्ण जानकारी लोग एप के माध्यम से ले सकेंगे। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले राज्य सरकार ने यात्रा मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर रही है। उत्तराखंड सरकार इन धामों के मार्ग में हर तीस किलोमीटर पर एक चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। चारधाम यात्रा पर आने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की कोई समस्या नहीं रहेगी। इसके लिए यात्रा मार्गों पर 42 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। 10 मई को गंगोत्री-यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो जाएगी।

**15 लाख 66 हजार श्रद्धालु अब तक करा चुके हैं रजिस्ट्रेशन**

गंगोत्री के लिए 287358, यमुनोत्री 260597, केदारनाथ 540999, बद्रीनाथ 453213 और हेमकुंड साहिब के लिए 24700 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है। चारधाम और हेमकुंड के लिए 1566867 श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके हैं।

### इजरायल का हमास के 12 ठिकानों पर हमला

**गाजा।** इजरायली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने रविवार को यह जानकारी दी। पिछले दिन, आईडीएफ के लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इधर हमास ने एक वीडियो जारी कर कथित तौर पर गाजा में बंधक बनाए गए दो और बंधकों के जीवित होने का पहला सबूत दिखाया है। ओमरी मिरान ने बताया कि उन्हें 202 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया है और कीथ सीगल ने इस सप्ताह के फसह की छुट्टियों का उल्लेख किया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!